**55- नक़्श बच्चों की पसली के लिए** : बच्चों की पसली चलने के आरज़े में ये दोनों नक़्श दो तरफ़ कुन्दा करके पहना दें। इस आरज़े से बच्चा महफ़ूज़ रहेगा और अगर होगा तो दफ़अ हो जाएगा।

۷۸۶

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۳۱۰۲ | ۱۴۷۰ | ۱۰۰۹ | ۱۴۲ |
| یاشافی | یامومن | یاحفیظ | یاسلام |
| ۱۰۰۸ | ۱۴۳ | ۳۱۰۱ | ۱۴۸ |
| ۱۴۴ | ۱۰۱۱ | ۱۴۵ | ۳۱۰۰ |
| ۱۴۶ | ۳۰۹۹ | ۱۴۶ | ۱۰۱۰ |

۷۸۶




**56- नक़्श जिमोगा** : यह मर्ज़ बच्चों को अक्सर हो जाता है। बच्चा रंग बदलता है। ऐंठता है अकड़ता है जबड़े सख़्त हो जाते हैं और आख़िर को राही मुल्क अदम हो जाते हैं चूंकि इस मर्ज़ का असर सुबियान से ताल्लुक़ रखता है और मां के पेट से भी असर हो जाता है जिसका ज़हूर बच्चे की पैदाइश के बाद जिमोगा या पसली की शक्ल में ज़ाहिर होता है। इसको दफ़अ करने के लिए इस दुआ को दोनों नक़्श समेत लिखे और नीले कपड़े में रखकर हामला औरत के बांधे। जब बच्चा पैदा हो फ़ौरन मां के गले से उतार कर बच्चे के गले में डालें। दुआ यह है- بسم اللہ الرحمٰن الرحیم شطوشا شصصا احت

ام الصبیان ابشا صالحا طویل العمر محمد وعلی وحسن وحسین وصلی اللہ

علیٰ خیر خلقہٖ محمد وّ آلہٖ و اصحابہٖ اجمعین یاحافظ یاحفیظ

और दुआ के नीचे ये दोनों नक़्श लिखे-

۷۸۶

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۷ | ۴۵ | ۶ | عـ۲ |
| ۲ | ۴۶ | ۳ | ۴۹ |
| ۴۴ | ۸ | ۴۲ | ۵ |
| عـ۷ | ۱ | ۴۸ | ۴ |

۷۸۶

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۷ | ۲ | عـ۹ | عـ۲ |
| عـ۴ | عـ۶ | ۳ | ۶ |
| ۱ | ۸ | عـ۳ | عـ۸ |
| عـ۷ | عـ۵ | ۵ | عـ |

## 57- बराए दफ़अ जिमोगा

इस नक़्श को चांदी की तख़्ती पर कन्दा कराके बच्चे के गले में डालें। बच्चा इस मूज़ी मर्ज़ से महफ़ूज़ रहेगा और अगर शिकार हो चुका है तो इस मर्ज़ से नजात पाकर इन्शा अल्लाह तन्दुरुस्त हो जाएगा।

۷۸۶

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۲۶۸ دفروں | ۱۱۶ موسیٰ | ۱۱۰ علے | ۱۳۱ سلامٌ |
| ۱۰۹ | ۱۳۲ | ۲۶۷ | ۱۱۷ |
| ۱۳۳ | ۱۱۲ | ۱۱۴ | ۲۶۶ |
| ۱۱۵ | ۲۶۵ | ۱۳۴ | ۱۱۱ |

## 58- दर्दे सर और आधे सर के दर्द के लिए मुजर्रब नक़्श

### सर दर्द के लिए

۷۸۶

| | | | |
|---|---|---|---|
| ط | ط | ط | ط |
| ط | ط | ط | ط |
| ط | ط | ط | ط |
| ط | ط | ط | ط |

### पूरे सर के दर्द के लिए

۷۸۶

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ص | ع | ی | ھ | ك |
| ی | ھ | ك | ص | ع |
| ص | ع | ی | ك | ھ |
| ع | ی | ھ | ك | ص |
| ھ | ك | ص | ع | ی |

### आधे सर के दर्द के लिए

۷۸۶

| | | |
|---|---|---|
| الله | الله | الله |
| الله | الله | الله |
| الله | الله | الله |

जिस तरफ़ दर्द हो उसके दूसरी तरफ़ मोम जामा करके बांधे।



## 59- सर दर्द के लिए:

जो किसी तरह क़ाबू में न आता हो जुमे के दिन सुबह पहली घड़ी में जो ज़ोहरा की घड़ी कहलाती है लिखे और मोम जामा करके सर पर बांधे। इन्शा अल्लाह फ़ौरन दर्द में सुकून होगा।

بحق كهيعص وبحق حمعسق بسم الله الرحمن الرحيم

| | | |
|---|---|---|
| يابدوح | يابدوح | يابدوح |
| يابدوح | يابدوح | يابدوح |
| يابدوح | يابدوح | يابدوح |

برحمتك يا ارحم الراحمين

## 60- नक़्श दमह :

हुज़ूर मुफ़्ती आज़म हिन्द ने यह नक़्श दम्मा के लिए मुहब्बत अली साहब को दिया था। मुहब्बत अली साहब को एक हफ़्ता यह नक़्श पीने से मर्ज़ जाता रहा।

بسم الله الرحمن الرحيم

۱۱۰۱۹ ۷۱۶ ۱۶۵۱

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۸ | ۵۷۹ | ۵۸۲ | ۱ |
| ۵۸۱ | ۲ | ۷ | ۵۸۰ |
| ۳ | ۵۸۴ | ۵۷۷ | ۶ |
| ۵۷۸ | ۵ | ۴ | ۵۸۳ |

## 61- दूध बढ़ाने का बेहतरीन अमल :

औरतों का दूध अक्सर नज़र और कभी ख़ून की कमी या बीमारी की वजह से सूख जाता है या इतना कम होता है कि बच्चे का पेट नहीं भर पाता। इसके लिए दूध बढ़ाने की रकाबी जो हिस्सा अव्वल में मौजूद है बहुत ही मुजर्रब साबित होगी मगर यहां एक ऐसा अमल तहरीर किया जाता है जो औरतों और जानवरों और गाय भैंस बकरी सबके लिए मुफ़ीद है।

सूरह क़द्र إِنَّا أَنْزَلْنَاهُ فِي لَيْلَةِ الْقَدْرِ आख़िर सूरह तक 11 बार पढ़कर तीन दिन किसी खाने की चीज पर दम करके खिलाए और जानवरों को नमक पर दम करके दें।

से नुक़्सान है।

**अगर सवाल करे कि सफ़र करूं या नहीं?** : अदद नाम साइल व अदद दिन मालूम करने के सब के आदाद जमा करके 2 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे सफ़र न करे और 2 बचे तो करे।

**अगर सवाल करे कि सफ़र में फ़ायदा होगा या नहीं?**: साइल व दिन के आदाद जमा करके 3 से तक़्सीम करे 1 बचे तो नुक़्सान, 2 बचे तो नफ़ा, 3 बचे तो दोनों ही हों।

**अगर सवाल करे कि भागने वाला किधर गया?** : मन्दरजा बाला तरीक़े से आदाद निकाल कर तीन गुना करे यानि 3 से ज़रब देकर हासिल आदाद को 4 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो जानिब मश्रिक़ 2 बचे तो तो शिमाल यानि उत्तर 3 बचे तो मग़रिब की जानिब और 4 बचे तो जुनूब यानि दक्खिन की जानिब गया है।

**अगर सवाल करे कि चोरी का माल मिलेगा या नहीं?**: मन्दरजा बाला तरीक़े से अदद निकाल कर 2 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो नहीं और 2 बचे तो हां।

**अगर सवाल करे कि चोर मर्द है या औरत ?** : साइल और दिन के आदाद जमा करके 2 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो मर्द है और 2 बचे तो औरत है।

**अगर सवाल करे कि चोर का रंग कैसा है?** मन्दरजा वाला तरीक़े से आदाद निकालकर 4 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो रंग सफ़ेद ज़र्दी मायल अगर 2 बचे तो सुर्ख मायल ब सब्ज़ और अगर 3 बचे तो रगं गन्दमी सांवला है।

**अगर मालूम करे कि मुक़दमें का क्या होगा ?** : चाहिए कि अदद नाम उस दिन के और दोनों मुद्दई व मुद्दआ अलैहि के नामों



के आदाद जमा करके 4 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे साइल ग़ालिब आए 2 बचे तो उसके बरअक्स 3 बचे तो सुलह की उम्मीद है 4 बचे तो रंजिश व ख़ुसूमत ज़्यादा होने की अलामत है।

**अगर सवाल करे कि कौन सा काम करूं जिससे फ़ायदा हो?** : अदद नाम साइल और उस दिन के आदाद निकालकर 4 से तक़्सीम करके देखे 1 बचे तो तिजारत ज़मीन से पैदा होने वाली चीज़ों की। दो बचे तो खेती बाड़ी वग़ैरह और अगर 3 बचे तो कपड़े की तिजारत और अगर चार बचे तो नौकरी से माल हाथ आए।

**अगर सवाल करे कि फ़लां के साथ शिर्कत करना ठीक है या नहीं?** : नाम साइल और दिन के आदाद जमा करके 2 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो शिर्कत बुरी है और 2 बचे तो मुफ़ीद है।

## खुसूसी नोट बाबत इस्तिख़ारा इल्मुल आदाद

*(अज़ इक़बाल अहमद)*

इल्म आदाद के इस्तिख़ारे अक्सर देखने में आए। अमूमन इस इल्म के माहिरीन इसके खुसूसी इशारे मुख़फ़ी रखते हैं यही वजह है कि इल्मुल आदाद से लोग कुमाहक़ा फ़ायदा नहीं उठाते।

इस इस्तिख़ारे में भी एक अम्र मुख़फ़ी नज़र आता है वह यह कि साइल के नाम और दिन के आदाद के साथ उसके सवाल के आदाद भी शामिल करना होंगे यानि साइल के नाम और उस दिन कि जिस दिन सवाल किया जा रहा है दोनों के आदाद और साइल का पूरा सवाल जो उसकी जबान से अलफ़ाज़ अदा हों लिख ले और इस पूरी इबारत के आदाद निकाले। इन्शा अल्लाह जवाब सही निकल आएगा।

**65- नक़्श बनाने का तरीक़ा** : आम तौर पर दो क़िस्म के नक़्श ज़्यादा तर काम में लिए जाते हैं मुरब्बअ व मुसल्लस। नक़्श

बचे हर तरह ज़ाहिर व बातिन दोस्ती व मुहब्बत हो।

**अगर सवाल करे कि फ़लां चीज़ या माल हाथ आएगा या नहीं ? :** आदाद नाम साइल और आदाद उस दिन के शुमार करे फिर दो से तक़सीम करे अगर एक बचे हाथ न आएगा मगर मुश्किल से और अगर 2 बचे हाथ आ जाएगा आसानी से।

**अगर सवाल करे कि माल मुझे कहां से मिलेगा? :** मन्दरजा बाला तरीक़े से आदाद निकाल कर जोड़ कर 7 से तक़सीम करे अगर एक बचे तो औरतों से या जो लिखने का काम करते हों वग़ैरह वग़ैरह अगर 2 बचें तो मर्दो से अगर 3 बचें ज़मीन की पैदावार से अगर 4 बचे तो सफ़र करने से अगर 5 बचें तो मीरास तरका वग़ैरह से 6 बचें तो तिजारत से अगर सात बचें तो क़र्ज़ से।

**अगर सवाल करे कि फ़लां औरत से शादी ठीक रहेगी या नहीं? :** चाहिए कि नाम साइल मय उसकी मां, नाम औरत मय मां के आदाद निकाल कर सबको जमा करके 3 से तक़सीम करे अगर एक बचें तो औरत से मुवाफ़िक़त है 2 बचे मुवाफ़िक़त न हो अगर 3 बचें तो औरत के सालेह होने की आलामत है।

**अगर सवाल करे कि फ़लां आदमी किस हालत में है? :** आदाद नाम साइल व आदाद उस दिन के जमा करके 3 से तक़सीम करे अगर 1 बचें तो ऐश मैं है अगर 2 बचें तो ज़िन्दा है मगर तक्लीफ़ में है। 3 बचे तो बहुत नाज़ुक हालत में है।

**अगर सवाल करे कि ये दो तन एक होंगे या नहीं? :** नाम साईल और दिन के आदाद निकाल कर जमा करके 2 से तक़सीम करे अगर 1 बचे तो नहीं और 2 बचे तो हो।



**अगर सवाल करे कि यह खबर सही है या झूठ? :** मन्दरजा बाला तरीक़े से साईल व दिन के आदाद जमा शुदा को 2 से तक़सीम करे अगर 1 बचे तो झूठ और 2 बचे तो सही।

**अगर किसी ग़ायब को पूछे किस हाल में है? :** नाम साइल व दिन के आदाद निकाल कर जमा करे फिर 4 से तक़सीम करके देखे अगर1 बचे तो क़ैद में है 2 बचे तो जल्द वापस आए अगर 3 बचे कभी वापस न आए अगर 4 बचे तो दो हफ़ता या दो माह या दो साल में वापस आए या खैरियत की ख़बर पहुंचे।

**अगर सवाल करे कि ग़ायब ज़िन्दा है या मुर्दा ? :** ग़ायब का नाम मय मां के नाम के और उस दिन के आदाद जमा करके 2 से तक़सीम करे। अगर 1 बचे मुर्दा और 2 बचे तो ज़िन्दा है।

**अगर सवाल करे कि ग़ायब वापस आएगा या नहीं?:** मन्दरजा बाला तरीक़े से आदाद निकाल कर 2 से तक़सीम करे अगर 1 बचे तो न आए और 2 बचे तो वापस आए।

**अगर सवाल करे कि यह उम्मीद पूरी होगी या नहीं ? :** नाम दिन और नाम साइल के आदाद जमा करके 2 से तक़सीम करे अगर एक बाक़ी रहे तो बर आएगी। 2 बचे तो नहीं और जिस तदबीर से बर आएगी इसके लिए मन्दरजा बाला आदाद को 2 से ज़रब देकर 4 से तक़सीम करे अगर 1 बचे तो तिजारत पारचा से 2 बचे तो चांदी की तिजारत सूदमन्द होगी अगर 3 बचे तो हैवानात की तिजारत से और 4 बचे तो सब बेकार।

**अगर सवाल करे कि इस दवा से फ़ायदा होगा कि नहीं?:** चाहिए कि सब दवाओं के नाम और दिन के आदाद निकाल कर जमा करके 3 से तक़्सीम करे अगर 1 बचे तो फ़ायदे मन्द है 2 बचे तो हुक्म मिमाना यानि नुक़्सान दे न फ़ायदा और 3 बचे तो इस दवा

चार से बराबर तक़सीम हो जाए तो जादू तसव्वुर करे और जो मालूम हो उसका इलाज करें। जैसे साइल ने शम्बा यानि शनीचर के दिन सवाल किया कि मेरी बहन जिसका नाम अकबरी है उसे क्या मर्ज़ है तो शम्बा के अदद निकाले जाएंगे। शीन, नून, बे, हे, अलिफ़, काफ़, बे, रे, ये इन सबको जमा किया तो 590 हुए। 300, 50, 2, 5, 1, 20, 2, 200, 10 इनको 4 से तक़सीम किया दो बचे तो मालूम हुआ कि मर्ज़ जिसमानी है जादू आसेब वग़ैरह नहीं है। वल्लाह आलम बिस्सवा ब।

**अगर सवाल करे कि मरीज़ ठीक होगा कि नहीं?** : नाम मरीज़ के और मरीज़ की मां के नाम आदाद और जिस दिन सवाल किया है उस दिन के आदाद सबको जमा करके उसे तक़सीम करे अगर एक बचे मर्ज़ सख़्त है मुश्किल से ही सेहत पाएगा और बाक़ी दो बचे मर्ज़ औसत दर्जे का है। इलाज से जल्द शिफ़ा होगी और अगर तीन बचें यानि बराबर से तक़सीम हो जाए तो अलामत ज़ीस्त मुन्क़तअ की है ख्वाह मर्ज़ हो या आसेब वग़ैरह।

**अगर सवाल करे कि पहले मेरा इन्तक़ाल होगा या बीवी का ?** : तो इसका तरीक़ा यह है कि शोहर का नाम मय मां और बीवी का मय मां के अदद को जमा करके 2 से तक़सीम करे अगर एक बचे तो पहले मर्द का और अगर 2 बचे तो बीवी का।

**अगर सवाल करे कि हमल रहेगा या ख़त्म होगा?** : अदद हामला के नाम के और जिस दिन सवाल किया है उस दिन के आदाद जमा करके 2 से तक़सीम करें अगर 1 बचे हमल तमाम हो कि बच्चा सही सलामत पैदा होगा और अगर दो बचें तो नहीं और तो क़ब्ल अज़ वज़अ हमल ज़ाया होने की अलामत है।



**अगर सवाल करे कि हामला के लड़का होगा या लड़की?**

तो हामला के नाम के अदद और जिस दिन सवाल किया है उस दिन के अदद जमा करके 3 से तक़सीम करें। अगर 1 बचे तो लड़का होगा। 2 बचे तो लड़की होगी और 3 बचे तो हमल ज़ाया होने की अलामत है।

**अगर सवाल करे कि फ़लां औरत को हमल है या नहीं?**

तो अदद उस औरत के नाम के और उस दिन के अदद जमा करके 3 से तक़सीम करे। अगर एक बचे तो औरत हामला है 2 बचे तो नहीं और तीन बचे तो हमल था मगर ग़ायब हो गया।

**अगर सवाल करे फ़लां हाकिम ज़ालिम है या आदिल?**

तो साइल का नाम व पूछने वाले दिन के नम्बर निकाल कर जमा करके तीन से तक़सीम करे। अगर 1 बचे हाकिम आदिल है 2 बचे हाकिम जुल्म व अदल का रास्ता अपनाए हुए है और अगर तीन बचे तो ज़ालिम है।

**अगर सवाल करे कि औरत मर्द के बीच मुलाक़ात होगी कि नहीं ?** : तो नाम मर्द मय मां के नाम और नाम औरत व उसकी मां के नाम इन सबके अदद निकालकर जमा करके 5 से तक़सीम करे अगर एक या 3 या 5 बाक़ी रहे तो दोनों की आपस में मुलाक़ात होगी और दोस्ती क़ायम रहेगी और अगर तीन या चार बाक़ी रहें हरगिज़ दोनों के बीच दोस्ती व मुलाक़ात न होगी।

**अगर सवाल करे कि फ़लां आदमी दोस्ती से पेश आएगा या नहीं?** : चाहिए कि साइल के नाम के अदद और उस दिन के अदद निकालकर जमा करके 4 से तक़सीम करे अगर 1 बचे जानी दुश्मनी हो अगर 2 बचे दोस्ती ज़रूर हो अगर 3 बचें बज़ाहिर दोस्ती हो और मुहब्बत जताए मगर ब बातिन दिली दुश्मनी रखे अगर 4

# बाबे दोम (2)

## इल्मुल आदाद

इल्मुल आदाद आमिलीन के लिए बड़ा ज़रूरी और अहम फ़न है कोई अमल ऐसा नहीं जिसमें आदाद की क़ैद न हो किसी आयत या इस्म का नक़्श तो बिना इल्मुल आदाद के भर ही नहीं सकते। इस किताब में आदाद निकालने और उसका नक़्श बनाने का तरीक़ा और ज़रूरी उमूर में उनसे किस तरह काम लिया जा सकता है मुख़्तसर तहरीर किया जा रहा है।

**62- जुदूल आदाद क़मरी :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ز ۷ | و ۶ | ہ ۵ | د ۴ | ج ۳ | ب ۲ | ا ۱ |
| ن ۵۰ | م ۴۰ | ل ۳۰ | ک ۲۰ | ی ۱۰ | ط ۹ | ح ۸ |
| ش ۳۰۰ | ر ۲۰۰ | ق ۱۰۰ | ص ۹۰ | ف ۸۰ | ع ۷۰ | س ۶۰ |
| غ ۱۰۰۰ | ظ ۹۰۰ | ض ۸۰۰ | ذ ۷۰۰ | خ ۶۰۰ | ث ۵۰۰ | ت ۴۰۰ |

**63- जुदूल आदाद अय्यामे फ़ारसी :**

| جمعہ | پنجشنبہ | چہارشنبہ | سہ‌شنبہ | دوشنبہ | یکشنبہ | شنبہ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ۱۱۸ | ۴۱۲ | ۵۶۶ | ۴۲۲ | ۳۶۷ | ۳۸۷ | ۲۵۷ |



आला हज़रत क़दस सिर्रहु ने आदाद निकालने के कई तरीक़े तहरीर फ़रमाए हैं जिसमें से दो बहुत ही मशहूर हैं आदाद क़मरी दूसरे आदाद शमसी। आदाद क़मरी की जदवल तहरीर कर दी गयी आदाद शमसी से किस तरह और क्या क्या काम लिए जा सकते हैं दूसरे हिस्से में इसकी गुंजाइश नहीं। इसलिए आदाद क़मरी पर ही इक्तिफ़ा की जाती है कि आम तौर पर इसी से काम लिया जाता है।

किसी आयत या नाम के आदाद निकालना हों तो इसमें जो हुरुफ़ हों उनके आदाद इस नक़्शे को देखकर निकाल लें जैसे इक़्बाल अहमद में अलिफ़, काफ़, बे, अलिफ़, लाम, अलिफ़, हे, मीन, दाल, सबका मजमूआ 187 होता है।

नोट- उर्दू में कुछ हरुफ़ जायद हैं इस्तेमाल होते हैं जैसे पे, चे, ज़े, ग। इसलिए यह ख़्याल रखना ज़रूरी है कि प ब में शमिल होगा। चे जीम में ज़े, ज़े मे ग, क में शुमार होगा। इस तरह पे चे ज़े ग अदद होंगे साथ ही यह भी याद रखें कि जो हरुफ़ लिखने में आते हैं आदाद उन्हीं के लिकलेंगे। कुछ लोग तशदीद वाले अलफ़ाज़ जो दो बार पढ़ने में आते हैं उनके दुगने आदाद शुमार करते हैं। यह तरीक़ा खुद साख़्ता और ग़लत है।

**64- इस्तिख़ारा इल्मुल आदाद से :** नक़्ल अज़ मजमूआ आमाल आला हज़रत रज़ियल्लाहु अन्हु का अता कर्दा हज़रत मुहद्दिस मौलाना एहसान अली साहब मद्दा ज़िल्लहु मुदर्रिस मदरसा मन्ज़रुल इस्लाम बरेली। मरीज़ के बारे में अगर यह मालूम करना हो कि जिसमानी मर्ज़ है या सेहर या जादू किसी ने किया या आसेब है तो इसका तरीक़ा यह है कि मरीज़ के नाम के हरुफ़ और जिस दिन साइल ने सवाल किया उस दिन के हरुफ़ लेकर दोनों के अदद निकाल लिए जाएं। फिर दोनों के आदाद जमा करके चार से भाग कर दें। अगर तीन बाकी रहें तो आसेब का ख़लल है और अगर दो बाक़ी रहे तो मर्ज़ जिसमानी है अगर एक बाक़ी रहे तो अन्दुरूनी बुख़ार है और

मुरब्बअ 16 ख़ाने का होता है और नक़्श मुसल्लस 9 ख़ाने का। जिस आयत या इस्म का नक़्श बनाना हो तो उसके आदाद निकालकर जमा कर लें। फिर क़ानून के 30 अदद कम करके 4 से तक़सीम कर दें और हासिल अदद से नक़्श पुर करें। जैसे बिस्मिल्लाह शरीफ़ के आदाद 786 होते हैं। 786 में से 30 कम किए तो बाक़ी बचे 756। अब इनको 30 से तक़सीम किया------हासिल अदद 189 हुए अब 189 ही से नक़्श भरा जाएगा।

**66- नक़्श मुरब्बअ भरने का तरीक़ा** : खाना अव्वल में 189 और खाना दोम में 190। इसी तर्तीब से नक़्श भर लें। अब इसके आदाद को जिस तरफ़ से भी जोड़ेंगे 786 ही आएगा। इसी तरह हर आयत और हर इस्म का नक़्श बनाया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ٨ آٹھواں | ١١ گیارھواں | ١٤ چودھواں | ١ اول خانہ |
| ١٣ تیرھواں | ٢ دوسرا | ٧ ساتواں | ١٢ بارھواں |
| ٣ تیسرا | ١٦ سولھواں | ٩ نواں | ٦ چھٹا |
| ١٠ دسواں | ٥ پانچواں | ٤ چوتھا | ١٥ پندرھواں |

**नोट-** अगर किसी के आदाद पूरे तक़सीम न हों तो नक़्श भरते वक़्त कसर देना पड़ती है अगर एक बचे तो 13 वें खाने से 1 बढ़ाएं अगर 2 बचें तो नवें खाने में 1 बढ़ाएं और 3 बचे तो पांचवे खाने में 1 बढ़ाएं जैसे इस्म बारी तआला "हलीम" के अदद निकाले तो 88 हुए 30 कानून के कम किए तो 58 बचे अब 4 से तक़्सीम किया इस तक़्सीम में 2 बचे अब इस्म या हलीम का नक़्श 14 से भरना है और नवें खाने में 1 बढ़ाना है यानि नवें खाने में बजाए 22 के 23 लिखेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ١٩٦ | ١٩٩ | ٢٠٢ | ١٨٩ |
| ٢٠١ | ١٩٠ | ١٩٥ | ٢٠٠ |
| ١٩١ | ٢٠٤ | ١٩٧ | ١٩٤ |
| ١٩٨ | ١٩٣ | ١٩٢ | ٢٠٣ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ٢١ | ٢٥ | ٢٨ | ١٤ |
| ٢٧ | ١٥ | ٢٠ | ٢٦ |
| ١٦ | ٣٠ | ٢٣ نواں خانہ [illegible] | ١٩ |
| ٢٤ | ١٨ | ١٧ | ٢٩ |



# मिफ़्ताहुन्नुकूश यानि कलीद राज़ सर बसता

अज़ सैयदी इमाम आला हज़रत रज़ियल्लाहु अन्हु अता कर्दा डाक्टर मुहम्मद सिद्दीक़ साहब।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ٨ برائے خوشنودی خوف مفسدین و متعصبین | ١١ برائے حصول مراد دولت و صحت از زحمت | ١٤ برائے بازار دوستی و محبت و تسخیر عوام | ١ برائے حفاظت جان و صحت از بیماری |
| ١٣ برائے جدائی و عداوت و بربادی دشمنان | ٢ برائے حفاظت مال از چور و دشمن سے | ٧ برائے دفع مرض و امان از غرق آب | ١٢ برائے دفع اعداء و مقہوری اعداء |
| ٣ برائے اصلاح و صلح دوست برادران | ١٦ برائے فتح یابی مقدمات و ملاقات ارواح روحانیان | ٩ برائے گریہ طفلاں از درد شکم و امراض شکم | ٦ برائے حفاظت از سانپ بچھو و دفع حاسدین |
| ١٠ برائے تسخیر افسران حاکمان و امیران | ٥ برائے عشق فراوان اور محبوب کو حاضر لانے کا | ٤ برائے زبان بندی و عقد النوم | ١٥ برائے فراخی زراعت و دفع کرم از کھیتی |

जिस मक़्सद के लिए नक़्श देना हो उसी ख़ाने से शुरु करें। मज़कूरा बाला तरीक़ा नक़्श भरने का जो दर्ज हुआ है उस पर अमल करके

आप किसी इस्म बारी तआला से हर काम ले सकते हैं । खाना मक़्सद से सही नक़्श भरने का तरीक़ा मन्दरजा ज़ेल है ।

(1) जान व सेहत की हिफ़ाज़त के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۸ | ۱۱ | ۱۴ | ۱ |
| ۱۳ | ۲ | ۷ | ۱۲ |
| ۳ | ۱۶ | ۹ | ۶ |
| ۱۰ | ۵ | ۴ | ۱۵ |

(2) चोर से माल की हिफ़ाज़त के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۷ | ۱۲ | ۱۳ | ۲ |
| ۱۴ | ۱ | ۸ | ۱۱ |
| ۴ | ۱۵ | ۱۰ | ۵ |
| ۹ | ۶ | ۳ | ۱۶ |

(3) दोस्त व भाईयों की इस्लाह के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۱ | ۲ | ۱۶ | ۵ |
| ۸ | ۱۳ | ۳ | ۱۰ |
| ۱ | ۱۲ | ۶ | ۵ |
| ۱۴ | ۷ | ۹ | ۴ |

(4) ज़बान बन्दी के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۵ | ۱۰ | ۱۵ | ۴ |
| ۱۶ | ۳ | ۶ | ۹ |
| ۲ | ۱۳ | ۱۲ | ۷ |
| ۱۱ | ۸ | ۱ | ۱۴ |

(5) महबूब से इश्क़ और उसे हाज़िर करने के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۴ | ۱۵ | ۱۰ | ۵ |
| ۹ | ۶ | ۳ | ۱۶ |
| ۷ | ۱۲ | ۱۳ | ۲ |
| ۱۴ | ۱ | ۸ | ۱۱ |

(6) सांप, बिच्छु व हासिदीन से हिफ़ाज़त के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۳ | ۱۶ | ۵ | ۱۰ |
| ۶ | ۹ | ۴ | ۱۵ |
| ۱۲ | ۷ | ۱۴ | ۱ |
| ۱۳ | ۱۲ | ۱۱ | ۸ |

(7) पानी में डूबने और मर्ज़ से बचने के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۹ | ۴ | ۱۴ | ۷ |
| ۶ | ۱۵ | ۱ | ۱۲ |
| ۳ | ۱۰ | ۸ | ۱۳ |
| ۳ | ۵ | ۱۰ | ۵ |

(8) मुफ़रिदों से हिफ़ाज़त के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱ | ۱۲ | ۶ | ۱۵ |
| ۱۴ | ۷ | ۹ | ۴ |
| ۱۱ | ۲ | ۱۶ | ۵ |
| ۸ | ۱۳ | ۳ | ۲ |



(9) बच्चे का रोना, पेट दर्द व बीमारी के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۶ | ۳ | ۱۰ | ۵ |
| ۹ | ۶ | ۱۵ | ۴ |
| ۷ | ۱۲ | ۱ | ۱۴ |
| ۲ | ۱۳ | ۸ | ۱۱ |

(10) अफ़सरान की तसख़ीर के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۵ | ۴ | ۵ | ۱۰ |
| ۶ | ۹ | ۱۶ | ۳ |
| ۱۲ | ۷ | ۲ | ۱۳ |
| ۱ | ۱۴ | ۱۱ | ۸ |

(11) माल व दौलत के हुसूल के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۴ | ۱ | ۸ | ۱۱ |
| ۷ | ۱۲ | ۱۳ | ۲ |
| ۹ | ۶ | ۳ | ۱۶ |
| ۴ | ۱۵ | ۱۰ | ۵ |

(12) दुश्मनों और उसके ज़ुल्म से बचने के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۴ | ۹ | ۷ | ۱۴ |
| ۱۵ | ۶ | ۱۲ | ۱ |
| ۱۰ | ۳ | ۱۳ | ۸ |
| ۵ | ۱۶ | ۲ | ۱۱ |

(13) जुदाई व अदावत दुश्मनों की बर्बादी के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۴ | ۷ | ۹ | ۴ |
| ۱ | ۱۲ | ۶ | ۱۵ |
| ۸ | ۱۳ | ۳ | ۱۰ |
| ۱۱ | ۲ | ۱۶ | ۵ |

(14) जाइज़ दोस्ती व मुहब्बत के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۱ | ۸ | ۱ | ۱۴ |
| ۲ | ۱۳ | ۱۲ | ۷ |
| ۱۶ | ۳ | ۶ | ۹ |
| ۵ | ۱۰ | ۱۵ | ۴ |

(15) फ़राख़ीए ज़राअत व खेती की बिमारी दूर करने के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱۰ | ۵ | ۴ | ۱۵ |
| ۳ | ۱۶ | ۹ | ۶ |
| ۱۳ | ۲ | ۷ | ۱۲ |
| ۸ | ۱۱ | ۱۴ | ۱ |

(16) मुक़दमों में फ़तहयाबी व रूहों से मुलाक़ात के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۵ | ۱۰ | ۳ | ۱۶ |
| ۴ | ۱۵ | ۶ | ۹ |
| ۱۴ | ۱ | ۱۲ | ۷ |
| ۱ | ۸ | ۱۳ | ۲ |

# नक़्शा असमाए बारी त आला आदादे क़मरी के साथ

| | | | |
|---|---|---|---|
| अल्लाहु 66 | रह़मानु 298 | रह़ीमु 258 | मलिकु 90 |
| क़ुद्दूसु 170 | सलामु 131 | मोमिनु 136 | मुहिमिनु 145 |
| अज़ीज़ु 94 | जब्बारु 206 | मुतकब्बिरु 662 | ख़ालिक़ु 731 |
| बारियु 213 | मुसव्विरु 336 | ग़फ़्फ़ारु 1281 | क़हारु 306 |
| वहाबु 14 | रज़्ज़ाक़ु 308 | फत्ताहु 489 | अलीमु 450 |
| क़ाबिज़ु 903 | बासितु 72 | राफ़िअु 351 | ख़ाफ़िज़ु 1481 |
| मुईज़्ज़ु 117 | मूज़िल्लु 770 | समीअु 180 | बसीरु 302 |
| अदलु 104 | लतीफ़ु 129 | ख़बीरु 812 | रक़ीबु 312 |
| मूजीबु 55 | वासिअु 137 | हकमु 68 | वदूदो 20 |
| अज़ीमु 1020 | ग़फ़ूरु 1286 | शकूरु 526 | अलीय्यु 110 |



| | | | |
|---|---|---|---|
| कबीरु 232 | ह़फ़ीज़ु 998 | मुक़ीतु 550 | ह़सीबु 80 |
| जलीलु 73 | करीमु 270 | मजीदु 57 | बाइसु 573 |
| शहीदु 319 | ह़क़्क़ु 108 | क़विय्यु 116 | वकीलु 66 |
| मतीनु 500 | वलिय्यु 46 | ह़मीदु 62 | मुह़सि 148 |
| मुब्दियु 56 | मुईदु 124 | मुहयि 68 | मूमितु 490 |
| हय्यु 18 | क़य्यूमु 156 | वाजिदु 14 | माजिदु 48 |
| वाहिदु 19 | अहदु 13 | समदु 134 | क़दिरु 305 |
| मुक़्तदिरु 744 | मुक़द्दिमु 184 | मुअख़्ख़िरु 846 | अव्वलु 37 |
| आख़िरु 801 | ज़ाहिरु 1106 | बातिनु 62 | वालियु 47 |
| मुताआलि 541 | बर्रु 202 | तव्वाबु 409 | मून्तक़िमु 430 |
| मुनईमु 200 | अफ़ूव्वु 156 | रऊफ़ु 286 | मालिकूलमुलके 212 |
| ज़ुलजलाले 801 | वलइकरामु 299 | रब्बु 202 | मुक़सितु 209 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जामिउ 114 | गनिय्यु 1060 | मुग़नि 1100 | मुनिउ 129 |
| मानिउ 161 | ज़ार्रु 1001 | नाफ़िउ 201 | नूरो 256 |
| हादियु 20 | बदिउ 86 | बाक़ी 113 | वारिसु 707 |
| रशीदु 614 | सबूरु 298 | दय्यानो 65 | कबीरु 302 |
| अकबरु 323 | वाफ़ेउ 155 | दलीलु 74 | दाएमु 45 |
| कबीरु 232 | शाफ़ियो 391 | हलीमो 88 | हन्नानु 109 |
| मन्नानु 141 | सरीउ 340 | हुवा 11 | मुन्तहु 76 |
| हाफ़िज़ु 989 | सत्तारु 661 | मानेउ 161 | मुस्तब्बिबुल अस्बाब 201 |
| अहकमुलहाकिमीन 239 | मुहतसिबु 512 | काफ़ि 111 | वाफ़िउ 97 |
| आदिलु 105 | हकीमु 178 | साबिक़ु 903 | ज़ाकिय्यु 37 |
| मुबीनु 102 | यासीनु 130 | यासीन 70 | क़दीरु 314 |
| महमूदु 114 | सिदक़ु 120 | नक़िय्यु 98 | तक़िय्यु 141 |



| | | | |
|---|---|---|---|
| क़ाएमु 141 | ईलाह 36 | मसफ़ी 830 | बुरहानु 298 |
| सुल्तानु 150 | स-ल-मु 130 | हामिदु 53 | शाहिदु 310 |
| कबीरु 232 | मालिकु 91 | मलिकु 100 | हाकिमु 69 |
| आलिमु 141 | आला 111 | वहीदु 30 | मुईनु 127 |
| मुईदु 170 | मुस्तजीबु 562 | हामिदु 53 | सुबहानु 120 |

## हुरूफ़े क़मरी के आदाद

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अलिफ 1 | बे 2 | जीम 3 | दाल 4 | हे 5 |
| वाव 6 | ज़े 7 | हे 8 | तोय 9 | ये 10 |
| काफ 20 | लाम 30 | मीम 40 | नून 50 | सीन 60 |
| ऐन 70 | फे 80 | स्वाद 90 | क़ाफ 100 | रे 200 |
| शीन 300 | ते 400 | से 500 | खे 600 | ज़ाल 700 |
| ज़्वाद 800 | ज़ो 900 | गैन 1000 | | |

अपनी ज़ात के लिए इस्मे आज़म निकालने का तरीक़ा अपने नाम के आदाद निकालकर इतने ही आदाद का एक इस्म बारी तआला तलाश कीजिए। अगर इस्म एक न मिले तो दो असमाए बारी मिलाकर बना लें जैसे मेरे नाम के आदाद 187 हैं कोई एक इस्म जिसके आदाद 187 हों न मिला इसलिए दो इस्म मिलाकर अपना इस्मे आज़म बनाया। या सुबहान के आदाद 121 और या अल्लाह के 66 दोनों के आदाद मिलाकर 187 हो गए। अब आला हज़रत रज़ियल्लाहु अन्हु के फ़रमान के मुताबिक़ या सुबहान या अल्लाह के आदाद को दुगना करके यानि 374 बार विर्द में रखे तो इस इस्म की तिलावत इस्मे आज़म का काम देगी जिसका खुलसा आगे मुलाहेज़ा फ़रमाएं।

## इस्मे आज़म शरीफ़ की तलाश

अक्सर आमिलीन आबिदीन ज़ाहिदीन बल्कि आम मुस्लिमीन सदियों से इस्मे आज़म की तलाश व जुस्तजु में सरगरदां हैं कितनी ही किताबें तसनीफ़ की गयीं और अक्सर ने इसकी तलाश में कुतुब व तफ़ासीर व अहादीस के मुताले में ज़िन्दगियां वक़्फ़ कर दीं मगर किसी एक नुक्ते पर सबकी गिराहें मरकूज़ न हो सकीं अवाम तो अवाम ख़्वास और आलिमे इल्म रूहानियत भी इस बात पर मुत्तफ़िक़ न हो सके कि फ़लां इस्म ही इस्मे आज़म है।

आला हज़रत क़दस सिर्रहु के वालिद माजिद मौलाना नक़ी अली खां साहब रहिमतुल्लाही अलैहि ने अपनी तसनीफ़ लतीफ़ अहसनु ददुआ में नौ बशारतों में इस्मे आज़म शरीफ़ की तरफ़ इशारा फ़रमाया है और इमाम अहले सुन्नत आला हज़रत क़दस सिर्रहु ने उनमें ग्यारह बशारतों का और इज़ाफ़ा फ़रमाकर 20 का अदद पूरा कर दिया जो आपके सामने पेश है।

**इस्मे आज़म की तहक़ीक़** : बअज़ क़लम इमाम अहले सुन्नत



आला हज़रत क़दस सिर्रहु और आपके वालिद माजिद मौलाना नक़ी अली खां साहब रहिम० क़ालर्रज़ा- यहां 20 बशारतें हैं नौ हज़रत मुसन्निफ़ अल्लामा क़दससिर्रहु ने ज़िक्र फ़रमायी और 11 फ़क़ीर सगे कूए क़ादरी ग़फ़रलहु तआला ने बढ़ायीं-

**बशारत न० 1-** لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ سُبْحَانَكَ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ

**हदीस में आयत करीमा**

के बारे में फ़रमाया कि यह इस्मे आज़म है जो इसके साथ दुआ करे कुबूल हो। उलेमा फ़रमाते हैं कि आयते करीमा कुबूल दुआ खुसूसन दफ़अ बला में असर तमाम रखती है। क़ालर्रज़ा साअ़द बिन अबी विक़ास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की हदीस में है रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मैं तुम्हें अल्लाह तआला का वह इस्मे आज़म न बता दूं कि जब वह इससे पुकारा जाए सुना करे और जब उससे सवाल किया जाए अता फ़रमाए। वह दुआ यह है जो यूनुस अलैहिस्सलात व स्सलाम ने तीन तारीकियों में की थी لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ سُبْحَانَكَ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ किसी ने अर्ज़ किया या रसूलुल्लाह यह ख़ास यूनुस अलैहिस्सलातु वस्सलाम के लिए थी या सब मुसलमानों के लिए फ़रमाया मगर तूने खुदा तआला का इर्शाद न सुना कि فَاسْتَجَبْنَا لَهٗ وَنَجَّیْنٰهُ مِنَ الْغَمِّ وَكَذٰلِكَ نُنْجِی الْمُؤْمِنِیْنَ यानी पस हमने यूनुस की दुआ कुबूल फ़रमायी और उसे ग़म से नजात दी और इसी तरह नजात देंगे ईमान वालों को। (रवाह अहमद, तिर्मिज़ी, नसई, हाकिम, बहीक़ी)

**बशारत न० 2-** सय्यद आलम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने एक आदमी को कहते सुना-

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ بِاَنِّیْ اَشْهَدُ اَنَّكَ اَنْتَ اللّٰهُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ الْاَحَدُ الصَّمَدُ الَّذِیْ لَمْ یَلِدْ وَلَمْ یُوْلَدْ وَلَمْ یَكُنْ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ ۝

इर्शाद फ़रमाया खुदा की क़सम तूने अल्लाह तआला से वह इस्मे आज़म लेकर सवाल किया कि जब उससे सवाल किया जाता है अल्लाह तआला अता करता है और जब उससे दुआ की जाती है कुबूल फ़रमाता है। क़ालर्रज़ा, रवाह अहमद, व इब्न अबी शीबा व अबू दाऊद व तिर्मिज़ी व नसाई ब इब्ने माजा व इब्ने हिबान व हाकिम, इमाम अबुल इसन अलीमक़्दसी व इमाम अब्दुल अज़ीम मुन्ज़री व इमाम इब्ने हजर अस्क़लानी वग़ैरह आइमा रहिमल्लाहु तआला फ़रमाते हैं इस हदीस की असनाद में कोई ताअन नहीं और दरबारए इस्मे आज़म ये सब अहादीस से जय्यद व सही तर है।

**बशारत न० 3-** एक हदीस में आया इस्मे आज़म इन दो आयतों में है। اِلٰهُكُمْ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ اور الٓمّٓ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّوْمُ क़ालर्रज़ा रवाहइब्न अबी शीबा व अबू दाऊद व तिर्मिज़ी व इब्ने माजा अन असमा बिन्त यजीद रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा।

**बशारत न० 4- कुछ उलेमा :** को इस्मे आज़म कहते हैं क़ालर्ज़रा सुरी बिन याहया क़दस सिर्रहु बाज़ औलिया रावी हैं दुआ करता था अल्लाह तआला से मुझे इस्मे आज़म दिखा दे। मुझे आसमान में एक सितारा नज़र आया जिस पर लिखा था

يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ

**बशारत न० 5-** कुछ उलेमा ने या अल्लाहु या रहमानू या रहिम को इस्मे आज़म कहा है।

يَا اللّٰهُ يَا رَحْمٰنُ يَا رَحِيْمُ

**बशारत न० 6-** हुज़ूर अक़दस सल्लाहु अलैहि व सललम ने ज़ैद बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हु को यों दुआ करते सुना-

اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ بِاَنَّ لَكَ الْحَمْدُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ وَحْدَكَ لَا شَرِيْكَ لَكَ يَا حَنَّانُ يَا مَنَّانُ يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ

फ़रमाया यह अल्लाह का वह इस्मे आज़म है कि जब उससे पुकारा जाए वह सुने और जब मांगा जाए अता फ़रमाए।



اخرجه احمد وابن ابی شیبة والاربعة وابن حبان والحاکم عن انس رضی اللہ تعالٰی عنہ

**बशारत न० 7-** हदीस में उम्मुल मोमिनीन सिद्दीक़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा ने यों दुआ की اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَدْعُوْكَ اللّٰهَ وَاَدْعُوْكَ الرَّحْمٰنَ وَاَدْعُوْكَ الْبَرَّ الرَّحِيْمَ وَاَدْعُوْكَ بِاَسْمَائِكَ الْحُسْنٰى كُلِّهَا مَا عَلِمْتُ مِنْهَا وَمَا لَمْ اَعْلَمْ اَنْ تَغْفِرَ لِيْ وَتَرْحَمَنِيْ

नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया- इनमें इस्मे आज़म है। *(रवाह इब्ने माजा)*

**बशारत न० 8-** *अबू दाऊद व इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम फ़रमाते हैं इस्मे आज़म रब्बे-रब्बे है।* *(हाकिम)*

हदीस में है नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया जब बन्दा या रब्बे या रब्बे कहता है रब्बे अज़्ज़ोजल्ल फ़रमाता है लब्बैका ऐ मेरे बन्दे मांग कि तुझे दिया जाए। *(रवाह इब्न अबी दुनिया)*

**बशारत न० 9-** हज़रत इमाम ज़ैनुल आबिदीन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने ख्वाब में देखा कि इस्मे आज़म اَللّٰهُ اَللّٰهُ اَللّٰهُ الَّذِيْ لَا اِلٰهَ اِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ है।

**बशारत न० 10-** अबु अमामा बाहली सहाबी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के शागिर्द व क़ासिम बिन अब्दुर्रहमान शामी कहते हैं इस्मे आज़म اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ है।

**बशारत न० 11-** इमाम क़ाज़ी अियाज़ ने बाज़ उलेमा से नक़्ल फ़रमाया कि इस्मे आज़म कलिमए तौहीद है।

**बशारत न० 12-** इमाम फ़ख़रुद्दीन राज़ी व बाज़ सूफ़ियाए किराम ने कलिमा हू को इस्मे आज़म बताया।

**बशारत न० 13-** जमहूर उलेमा फ़रमाते हैं कि अल्लाह इस्मे आज़म है।

كذا عزاه اليهم القاری

हज़रत सय्यिदना ग़ौसे आज़म रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं शर्त यह

हैं कि तू अल्लाह कहे और उस समय तेरे दिल में अल्लाह तआला के सिवा कुछ न हो।

**बशारत न० 14-** बाज़ उलेमा ने बिस्मिल्लाह शरीफ़ को इस्मे शरीफ़ कहा। हुज़ूर ग़ौसुस्सक़लैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से मन्क़ूल है कि बिस्मिल्लाह ज़बान आरिफ़ से ऐसी है जैसे कुन कलाम ख़ालिक़ है।

**बशारत न० 15-** रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं जो इन पांचों कलिमों से निदा करे अल्लाह तआला से जो कुछ मांगे अल्लाह अज़्ज़ो जल्ल अता फ़रमाए। لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ
لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ
لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ

**बशारत न० 16-** ऊपर गुज़रा कि जो आदमी يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ तीन बार कहे फ़रिश्ता कहता है मांग कि اَرْحَمُ الرَّاحِمِيْنَ तेरी तरफ़ फ़रमायी।

**बशारत न० 17-** पांच बार या रब्बना कहने का फ़ज़्ल इमाम सादिक़ रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से गुज़रा।

**बशारत न० 18-** यही ख़ासियत असमाए हुसना की है। क़ालर्रज़ा।

**बशारत न० 19-** नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने एक आदमी को يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ कहते सुना, फ़रमाया मांग कि तेरी दुआ कुबूल हुई।

**बशारत न० 20 -** इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा की हदीस में है हुज़ूर सय्यदुल मुर्सलीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया जिबरील मेरे पास कुछ दुआएं लाए और अर्ज़ की जब हुज़ूर को कोई हाजिब पेश आए इन्हें पढ़कर दुआ मांगिए। يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ يَا صَرِيْخَ الْمُسْتَصْرِخِيْنَ يَا غِيَاثَ الْمُسْتَغِيْثِيْنَ يَا كَاشِفَ السُّوْءِ يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ يَا مُجِيْبَ دَعْوَةِ الْمُضْطَرِّيْنَ يَا اِلٰهَ الْعٰلَمِيْنَ بِكَ اُنْزِلُ حَاجَتِيْ وَاَنْتَ اَعْلَمُ بِهَا فَاقْضِهَا۔



**इस्मे आज़म शरीफ़ का मजमूआ :** ज़फ़र जलील शरह हिस्ने हसीन में लिखते हैं कि जलालुद्दीन सीवती रहिमतुल्लाहि अलैहि ने इस्मे आज़म की तहक़ीक़ में एक रिसाला अलहदा तहक़ीक़ में तसनीफ़ किया है। ब सबब ख़ौफ़ ज़खामत के इसी पर इक्तिफ़ा किया जाता है कि बाज़ मुहक्क़िक़ीन ने कहा कि यह दुआ जामेअ सब अक़्वाल की है कि सब इस्मे आज़म जो बुज़ुर्गों से मन्क़ूल हैं इसमें आ जाते हैं। दुआ यह है-

اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْاَلُكَ بِاَنَّ لَكَ الْحَمْدُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ يَا حَنَّانُ يَا مَنَّانُ يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ يَا خَيْرَ الْوَارِثِيْنَ يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ يَا سَمِيْعَ الدُّعَاءِ يَا اَللّٰهُ يَا اَللّٰهُ يَا اَللّٰهُ يَا عَالِمُ يَا سَمِيْعُ يَا عَلِيْمُ يَا حَلِيْمُ يَا مَالِكَ الْمُلْكِ يَا مَلِكُ يَا سَلَامُ يَا حَقُّ يَا قَدِيْمُ يَا قَائِمُ يَا غَنِيُّ يَا مُحِيْطُ يَا حَكِيْمُ يَا عَلِيُّ يَا قَاهِرُ يَا رَحْمٰنُ يَا رَحِيْمُ يَا سَرِيْعُ يَا كَرِيْمُ يَا مُغْنِيْ يَا مُعْطِيْ يَا مَانِعُ يَا مُحْيِيْ يَا مُقْسِطُ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ يَا اَحَدُ يَا صَمَدُ يَا رَبِّ يَا رَبِّ يَا رَبِّ يَا رَبِّ يَا رَبِّ يَا وَهَّابُ يَا غَفَّارُ يَا قَرِيْبُ يَا لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ سُبْحَانَكَ اِنِّيْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِيْنَ اَنْتَ حَسْبِيْ وَنِعْمَ الْوَكِيْلُ ؏ وَاِسْمُ اللّٰهِ تَعَالٰى الْاَعْظَمُ الَّذِيْ اِذَا سُئِلَ بِهٖ اَعْطٰى وَاِذَا دُعِيَ بِهٖ اَجَابَ اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْاَلُكَ بِاَنِّيْ اَشْهَدُ اَنَّكَ اَنْتَ اللّٰهُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ الْاَحَدُ الصَّمَدُ الَّذِيْ لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُوْلَدْ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ.

**फ़ायदा–** इस दुआ को पढ़कर जो दुआ भी मांगी जाए अल्लाह तआला कुबूल फ़रमाते हैं और जो भी मक़सद हो पूरा फ़रमाता है।

**हर इस्म इस्मे आज़म है :** फ़क़ीर इक़बाल अहमद इस्मे आज़म की तहक़ीक़े जदीद तो क्या कर सकता था मगर बुज़ुर्गों की ब्याज़ों और अकाबिरीन की तसनीफ़ात का मुताला ज़रूर किया जिससे मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि हर इस्मे बारी तआला जल्ला शानहु इस्मे आज़म है और असमाए बारी तआला के मुताल्लिक़ बुज़ुर्गों ने इर्शाद फ़रमाया है कि असमाए हुसना का इन्हिसार 99 पर नहीं जैसा कि मशहूर है। लवामिअुन्नुजूम में लिखा है कि एक हज़ार नाम अल्लाह तआला के वे हैं जिनको खुदा के सिवा कोई नहीं जानता और हज़ार नाम वे हैं जिनको फ़रिश्तों के सिवा कोई नहीं जानता और हज़ार नाम वे हैं जो मुसलमानों की ज़बानों पर जारी हैं जिन में से तीन सौ तौरेत में और तीन सौ इन्जील में और तीन सौ ज़ुबूर में और सौ कुरआन हकीम में मौजूद हैं। आम तौर से मशहूर है कि कुरआन में 99 नाम ऐसे है जो सब पर ज़ाहिर हैं और एक पोशीदा है जो इस्मे आज़म है अगर इसे सही मान लिया जाए तो उन हदीसों के बारे में क्या कहा जाएगा कि जिसमें इस्मे आज़म के तालिबों को इस्मे आज़म बताए गए हैं फिर वह पोशिदा कहां रहा? साथ ही ग़ौर करने की बात यह भी है कि मुख़्तलिफ़ सहाबा किराम रिज़्वानुल्लाह अलैहिम अजमईन ने इस इस्मे आज़म की जो निशान देही फ़रमायी है वह किसी एक इस्म से मुताल्लिक़ नहीं अलग अलग इस्मे बारी को इस्मे आज़म बताया जिससे इस नतीजे पर पहुंचना आसान है कि हर इस्म इस्मे आज़म है और असमाए बारी तआला की कसरत इस बात पर दलालत करती है कि हर इस्म किसी की ज़ात से मन्सूब होकर वह इस्म ख़ास इसके लिए इस्मे आज़म का काम देता है।

**आपका इस्मे आज़म :** इस सर बस्ता राज़ को भी इमाम अहले



सुन्नत आला हज़रत रजियल्लाहु तआला अन्हु ने ज़ाहिर फ़रमाकर हमारी मुश्किल को आसान फ़रमा दिया। एक साइल के जवाब में इर्शाद फ़रमाते हैं–

**अर्ज़–** हुज़ूर मेरे भतीजा पैदा हुआ है उसका कोई तारीख़ी नाम तजवीज़ फ़रमा दें।

**इर्शाद–** तारीख़ी नाम से क्या फ़ायदा। नाम वे हों जिनके हदीसों में फ़ज़ाइल आए हैं मेरे और मेरे भाइयों के जितने लड़के पैदा हुए हैं मैंने सबका नाम मुहम्मद रखा। यह और बात है कि यही नाम तारीख़ी भी हो जाए। हामिद रज़ा ख़ान का नाम मुहम्मद है और उनकी विलादत 92 हिजरी में हुई और इस मुबारक नाम के अदद भी 92 हैं एक परेशानी तारीख़ी नाम में यह है कि असमाए हुसना से एक या दो जिनके आदाद मुवाफ़िक़ अदद नाम क़ारी हों अदद नाम दो चन्द करके अगर पढ़े जाते है तो वह क़ारी को इस्मे आज़म का फ़ायदा देते हैं यह तारीख़ी नाम से मिक़दार बहुत ज़्यादा हो जाएगी जैसे अगर किसी की विलादत इस 1329 हिजरी में हुई तो उसके मुताबिक़ असमाए हुसना 2658 बार पढ़े जाएंगे और मुहम्मद नाम होता तो एक सौ चौरासी बार दोनों में कितना फ़र्क़ हुआ (फिर इस नाम अक़्दस के फ़ज़ाइल में ये कुछ हदीसें ज़िक्र फ़रमायी)

एक हदीस मे है हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं जो मेरी मुहब्बत की वजह से अपने लड़के का नाम मुहम्मद या अहमद रखेगा। अल्लाह तआला बाप और बेटे दोनों को बख़्शेगा। एक रिवायत में है मलाइका उस घर की ज़ियारत को आते हैं जिसमें किसी का नाम मुहम्मद या अहमद है एक रिवायत में है जिस मश्विरे में इस नाम का आदमी शरीक हो उसमें बरकत रखी जाती है एक रिवायत में है कि तुम्हारा क्या नुक़्सान है कि तुम्हारे घरों मे दो या तीन मुहम्मद हों।

या जब्बारु या क़हहारु- ये दोनों इस्म जलाली और मक़हूरी आदा (दुश्मनों) के लिए बहुत असर वाले हैं इनके आमिलों को चाहिए कि अगर किसी के इस्मे आज़म में ये असमा या इनमें का एक आए तो वह बादशाह व हाकिम या उनकी तरह रोब व हैबत इज़्ज़त व अज़मत पाए। मगर किसी और तरीक़े पर दुश्मनों के लिए पढ़े तो यह ख़्याल रखे कि दुश्मन मोमिनों में से हों तो ज़लील व ख़्वार और उनकी हलाकी की नीयत से न पढ़े बल्कि इसलिए कि दुश्मन उसे नुक़सान न पहुंचा सकें इतना ही काफ़ी है बाक़ी मर्ज़ी मौला पर छोड़ दें क्योंकि किसी मोमिन को ज़लील व ख़्वार, बर्बाद या हलाक करना जायज़ नहीं अगरचे वह व उसका ज़ुल्म बरदाश्त से बाला तर हो। अपना मक़सद तो इसी से हासिल कि दुश्मन की दुश्मनी का असर न हो व बिल्लाहित्तवफ़ीक़ दीगर अमल मक़हूरी आदा (दुश्मनों पर) व फ़तह बर दुश्मनान शबिसताने रज़ा अव्वल (145) (147) और नक़्श या क़ाहिर (152) पर दर्ज है। शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह अलैहि फ़रमाते हैं कि इस इस्म की दावत 40 दिन की है। दस हज़ार बार रोज़ ब पाबन्दी शराइत ख़िलवत में पढ़े। नफ़्स में पाकीज़गी तबियत में इन्किसारी और नेक नीयती पैदा हो। मक़ासिद में कामयाबी और दुश्मनों पर ग़लबा हासिल हो। अज़ीमुल क़दर और जलीलुल मुरतबत गर्दाना जाए (तन्वीर) शेख़ अबुल अब्बास अहमद फ़रमाते हैं कि मुरीदों और रियाज़त करने वालों के लिए मुनासिब है कि नफ़्स मग़लूब और शहवत से महफ़ूज़ रहे। *(तन्वीर)*

आला हज़रत क़ुदस सिर्रहु ने इस्म या जब्बार या अल्लाह पंज क़ादरीया में बाद नमाज़ अस्र 100 बार तहरीर फ़रमाया है।

या कबीरु या **अकबरु या मुत-कब्बिरु** : इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि अक्सर मुबाशरत से पहले इस इस्म को दो बार पढ़ ले तो परवरदिगार आलम फ़रज़न्द सालेह अता फ़रमाए (तन्वीर) शेख़ अब्दुल मजीद मग़रिबी ने फ़रमाया है कि यह ज़िक्र सालिहीन और आबिदीन के अज़कार से है। इस इस्म के ज़ाकिर में



शाइस्तगी और उमूर में बाक़ायदगी पैदा हो जाती है और नज़र अवाम व ख़्वास में इज़्ज़त व हुर्मत पैदा होती है और हर सरकश ज़लील सरनगूं हो जाता है। 236 बार या मुत-कब्रि बाद नमाज़ सुबह तिलावत करनी चाहिए। अगर कोई आदमी दो सौ 32 बार रोज़ाना इस इस्म या कबीर को पढ़े बुज़ुर्गी हासिल हो। शेख़ अबुल अब्बास इब्न अली अलयहिर्रहमा फ़रमाते हैं इस्म या कबीर का ज़िक्र अज़कारे जलीला से है और जो ख़्वास इस्म मुत-कब्बिर के हैं वही इस इस्म मुबारक के हैं। इन असमा के ज़िक्र से हर सरकश और बादशाह मुतीअ हो जाता है (तन्वीर) दुआए हैदरी शमा हिस्सा अव्वल (145) पर लिखी है जिसमें 45 असमाए बारी तआला मज़कूर हैं इनमें अकबर और मुतकब्बिर भी है दुश्मनों के शर से महफ़ूज़ रहने के लिए दुआए हैदरी क़वी तर और मुजर्रब है अकबर को इस्म अल्लाह के साथ मिलाकर पढ़े यानि अल्लाहु अकबर।

या ख़ालिक़ु **या बारियु या मुसव्विरु** - इमाम अली रज़ा रहिमतुल्लाह अलैहि फ़रमाते हैं जो आदमी दस्तकारी या नाज़ुक काम और किताबत की मश्क़ या साहिबे क़लम हो यानि लिखने का ज़्यादा काम करता हो और उसमें किसी वजह से ख़लल पड़ता हो वह इन असमा की तिलावत करे सब तकलीफ़ें दूर होकर सुहूलियत हासिल हो या सलातीन (हुक्काम बाला) से ताल्लुक़ात हों और कोई बीच में फ़साद पैदा करता हो यानि कोई इन ताल्लुक़ात में मुख़िल हो या हुक्काम को बरगश्ता कर देता हो या ऐसा अन्देशा हो तो इस्म या ख़ालिक़ु की तिलावत की बरकत से तमाम दरमियानी नुक़सानात दूर हों और जुमला हालात बेहतर हो जाएं (तन्वीर) शेख़ मग़रिब रहिमतुल्लाह अलैहि ने तहरीर फ़रमाया है कि जो आदमी औलाद फ़रज़न्द से महरूम हो या तंगीए रिज़्क़ का शिकार हो वह इन असमा का विर्द करे कामयाब हो (तन्वीर) जो कोई इस्म ख़ालिक़ का विर्द करे अल्लाह तआला एक फ़रिश्ता पैदा करे और उसके लिए क़ियामत तक इबादत में मशग़ूल रहे और पढ़ने वाले का चेहरा नूरानी कर दे और जो कोई हफ़्ते में सौ बार इस्म

रहने दे इन्शा अल्लाह पहले दिन से इफ़ाक़ा हो और जल्द शिफ़ा हासिल हो। (तन्वीर)

बराय क़ज़ाए हाजत, गोशा ख़िलवत या गोशा मस्जिद में आधी रात में दो रकअत नमाज़ अदा करे और हुज़ूरी क़ल्ब के साथ سَلٰمٌ قَوْلًا مِّنْ رَّبِّ الرَّحِيْم खड़े होकर पढ़े जो हाजत हो पूरी हो और अगर चालीस दिन इसी तरह पढ़े तो इल्म ज़ाहिर व बातिन हासिल हो और कुल मख़लूक़ मुसख़्ख़र हो। (तन्वीर)

**मोमिनु-** इमाम हश्तम रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते है जो कोई रोज़ाना एक सौ 36 बार पढ़े तो क़ल्ब में ईमान की लहरें दौड़ने लगें। शेख़ मग़रिबी रहिमतुल्लाहि अलैहि ने फ़रमाया अगर एक हज़ार एक सौ 32 बार पढ़े तो अल्लाह तआला उसे लोगों की बदगोई और अमराज़े ख़बीसा से बचाए रखे। शेख़ अब्दुल मजीद मग़रिबी अलैहिर्रहमा फ़रमाते हैं कि जो शहवते नफ़्स और ग़ज़ब से ख़ाली होकर ख़िलवत में दिल की ज़बान से ज़िक्र में लगकर नफ़्स से भी बे परवाह रहे और अमल पढ़े 41 दिन गुजरने के बाद अनवारे मारफ़त से मुनव्वर हो जाएगा और ज़ाकिर ख़ुद अपने को बहरे अनवार में जलवा गर देखेगा। इसके बाद उस ज़ाकिर में सिफ़त पैदा हो जाएंगी कि जो उसे देखेगा बा ईमान हो जाएगा और गुनाह गार तौबा कर लेगा। (तन्वीर)

**या मुहयमिनु-** इस इस्म मुबारक में हैबत व अज़मत की बहुत बड़ी ख़ासियत है और दुश्मनों के क़ल्ब को मरऊब करने और रोब व वजाहत से मुसख़्ख़र करने की ख़ास तासीर है इस इस्म के ज़ाकिर पर सख़्त दिल मोम हो जाते हैं कार हाय मुश्किल आसान हो जाते हैं नाक़ाबिले बरदाश्त बोझ उठाने की ताक़त पैदा हो जाती है (तन्वीर) न मख़लूक़ को उससे बुराई पहुंचे न कोई उसे बुराई व नुक़्सान पहुंचा सके। (ज़फ़र जलील)

शेख़ मग़रिबी रहिमतुल्लाहि अलैहि फ़रमाते हैं कि जो आदमी 40 या 70 दिन सुबह के वक़्त गुस्ल के बाद (कि गुस्ल करते वक़्त और बाद



गुस्ल ख़त्म अमल तक किसी से बात न करे) अच्छा लिबास पहन कर 18 496 बार इस इस्म को पढ़े। ऐसी तसख़ीर पैदा हो ख़ुद हैरान रह जाए। (तन्वीर)

**या अज़ीज़ु या मुअिज़्ज़ु-** ये दोनों असमा हम मायने और हम सिफ़ात हैं। शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह अलैहि फ़रमाते है यह इस्म अज़कार मुतवक्किलीन से है इसलिए इस इस्म के साथ और किसी इस्म को न मिलाए (तन्वीर) और इमाम अहले सुन्नत आला हज़रत क़ुदस सिर्रहु ने पंज गन्ज क़ादरीया में नमाज़ फ़ज्र के बाद या अज़ीज़ु या अल्लाह सौ बार तहरीर फ़रमाया है जो ख़ानदाने क़ादरिया का मामूल रहा है और मुजर्रबात से है इससे ज़ाहिर है कि किसी दूसरे इस्म के साथ पढ़ने में उसके बड़े फ़ायदों में कमी न होगी बल्कि दूसरे असमा की तरह असर करने वाला व क़वी तर हो जाएगा। *(इक़बाल अहमद)*

अगर इसके नक़्श चान्दी पर कन्दा कराकर अगूंठी में रख कर पहने दुश्मन पर ग़लबा व तफ़व्वुक़ हासिल हो। पेश हुक्काम व सलातीन ब मुअज़्ज़िज़ हो। अशरार व ख़राफ़ात आलम से मामून रहे। इसरारे इज़्ज़त से आरास्ता हो (तन्वीर) अगर इस इस्म पाक को इस तरह पढ़ें- يَا عَزِيْزُ عِزَّنِيْ فِيْ تَعَزُّزَاتٍ بِعِزَّتِكَ يَا مُعِزُّ

फ़र्ज़ की नमाज़ के फ़र्ज़ व सुन्नतों के बीच 211 बार पढ़ें तो अवाम व ख़्वास हुक्काम व रिआया बल्कि हर चीज़ मुसख़्ख़र हो और अपने आस पास हुजूम देखे मगर शर्त यह है कि हर मोमिन के साथ अख़लाक़े हसना से पेश आए। दीगर अमन शजर ज़र शबिसताने रज़ा हिस्सा अव्वल (133) पर लिखा है। जो कोई अमल या अज़ीज़ु का अपने नाम के आदाद के मुताबिक़ या किसी और तरीक़े पर पढ़े तो उसके आख़िर में لَقَدْ جَاءَكُمْ رَسُوْلٌ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ تا رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْم एक बार अव्वल आख़िर दुरूद मन्दरजा ज़ैल दस बार पढ़े। (फ़वायदे कुबरा) صلى الله عليك يا رسول الله وسلم عليك يا حبيب الله फ़ज़ाईल आख़िर में दर्ज है।

तो दौलतमन्द हो ख़लकुल्लाह मेहरबान हो।

या मालिकु, **या मलीकु या मलिकु**- ये असमा एक जैसे मायनों वाले व एक सी सिफ़ात वाले हैं। इन तीनों में से जो भी इस्म आदाद के लिहाज़ से आपके नाम के मुताबिक़ हो उनको उसी तादाद से यानि क़ायदा अव्वल के मुताबिक़ पढ़ें। इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि यह इस्म बड़ा सरीउल असर है मगर (इनमें से किसी) इस्म को आठ हज़ार एक सौ बार पढ़ कर जो दुआ मांगे क़ुबूल हो *(तन्वीरुल असमा)*

तंग दस्ती बे रोज़गारी के लिए मालिकु 90 बार या मलीकु 100 बार या मालिकु 91 बार रोज़ाना पढ़े तो ख़ल्क़ ख़ुदा से बे नियाज़ हो और दौलते दुनिया उसकी जानिब रुजू करे (तन्वीर) अगर इस इस्म को इस्मे क़ुद्दूस से मिलाकर पढ़े यानि (अलमलिकुल क़ुद्दूस 260 बार) तो अगर साहिबे मलिक यानि साहिबे इज़्ज़त व इक़बाल हो या कारोबार और मुलाज़मत या जिस ओहदे पर मौजूद हो तो मौला तआला उसके मलिक यानि नसब को क़ायम व दायम रखे और इज़्ज़त व हुर्मत मिले। अगर 90 बार ही पढ़े तो दिल मुनव्वर हो। *(दलाइलुल ख़ैरात)*

दीगर हिस्सा अव्वल (230) में अमल शजर रज़ में इस्म के पढ़ने का तरीक़ा लिखा है। इस नक़्श को सोने की तख़्ती पर कन्दा करके अपने पास रखे और इसके गिर्द आयत

اللّٰهم مالك الملك تا بغير حساب

लिखे तो लोगों में हैबत वाला हो यह नक़्श अफ़लातून ने सिकन्दर ज़ुल क़रनैन के लिए तैयार किया था जिसके असर से शेर कांपते थे। *(तन्वीर)*

| | | |
|---|---|---|
| م | ٣ | ٣٠ |
| ٢٧ | ل | ٣٢ |
| ٢٣ | ٤٠ | ك |

**या** क़ुद्दूसु- अगर इस इस्म को ज़वाल के वक़्त 170 बार पढ़ता रहे उसका दिल गुनाहों से पाक साफ़ होकर रोशन हो जाए और जो कोई इस्म सुब्बूह के साथ जुमे की नमाज़ के बाद रोटी के टुकड़े पर लिखकर



खाए मलकूती सिफ़ात पैदा हो जाएं जब दुश्मन के ख़ौफ़ से भागने के सिवा चारा न हो तो बकसरत पढ़े। इसके और दुश्मनों के बीच हिसार क़ायम हो जाए या उनकी नज़रों से पोशीदा हो जाएं। *(ज़फ़र जलील)*

سُبُّوحٌ قُدُّوسٌ رَبُّ الْمَلٰٓئِكَةِ وَالرُّوحِ

अगर कोई तादाद हरुफ़ कि 22 है इतने सौ बार यानि 2200 बार रोज़ाना पढ़े तो कभी किसी के सामने दस्त सवाल दराज़ करने की ज़रूरत पेश न आए और इतने हज़ार बार यानि 22 हज़ार बार चालीस दिन ब एहतियात ममनूआत शरअ पढ़ ले। इसके बाद 170 बार पढ़ता रहे तो ख़ुद कीमिया बन जाए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| والروح | رب الملئكة | قدوس | سبوح |
| سبوح | قدوس | رب الملئكة | والروح |
| رب الملئكة | والروح | سبوح | قدوس |
| قدوس | سبوح | والروح | رب الملئكة |

या **सलामु या सलाम**- यह इस्म बिना अलिफ़ के भी लिखा जाता है और अलिफ़ के साथ भी। सिर्फ़ आदाद में फ़र्क़ है जिसकी वजह से दो जगह लिखा गया है। इस इस्म पाक का पढ़ने वाला बुरे व गन्दे कामों से बचा रहता है (ज़फ़र जलील) फ़ज्र की नमाज़ के बाद एक हज़ार बार पढ़ने से इल्म और जोदत (यानि ज़हन में तेज़ी व कुव्वते हाफ़िज़ा) ज़्याद हो (दलाइल हो) इस इस्म का ज़ाकिर ब वजह इल्म व सखा मशहूर हो जाता है और शहर ब शहर अवाम व ख़्वास उसकी मदह व सना करने लगें। *(तन्वीर)*

या सलामु **या अल्लाहु**- शिफ़ाए अमराज़ के लिए यह अमल मुजर्रब है मर्ज़ शदीद में मरीज़ के सिरहाने बैठकर इस तरह पढ़े कि तसबीह मरीज़ के सर से मिस होती रहे। जब तसबीह ख़त्म हो इस तसबीह को मरीज़ के तकिए के नीचे रख दे दूसरे दिन मुक़र्ररा वक़्त पर या कुछ पहले फिर तसबीह निकाल कर इसी तरह तीन दिन या तीन रात यह अमल करे और तसबीह मरीज़ के सिरहाने शिफ़ा होने तक रखी

# मुख़्तसर फ़वायद असमाए हुसना

**या हू**- इस्म ज़ात बारी तआला है साहिबे तनवीरुल असमा तहरीर फ़रमाते हैं कि अहले तहक़ीक़ ने इस्मे आज़म कहा है और यह ख़ास तरीन इस्म है। असमाए बारी तआला से और असमाए हुसना में सबसे पहले वाक़ेअ हुआ है अगर कोई आदमी 29 बार हू कहे तो दोज़ख़ की आग उस पर हराम हो जिसका दिल आख़िरत के अंजाम से लर्ज़ां व तरसां हो अल्लाह हू का ज़िक्र करे हश्र में मुतमइन होगा।

तन्वीरुल असमा में है हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने इर्शाद फ़रमाया अगर कोई आदमी रोज़ाना पंज शम्बा को रोज़ा रखे और चीनी के प्याले पर लिखकर बारिश के पानी या चश्मे के पानी से धो कर रोज़ा इफ़्तार करे भूलने की बीमारी ख़त्म हो जाए जो याद करे कभी न भूले। जादू के असर वाले को पिलाए जादू दूर हो अगर लिखकर अपने पास रखे तो हर बला से बचा रहे। दुश्मनों पर फ़तहयाब हो और हर अच्छे व बुरे की नज़र में मक़बूल हो हर दिल अज़ीज़ हो। तनवीर में है कि एक मज्लिस में 12 हज़ार बार या अल्लाह या हू कहे कि जिन्न व इन्स, चरिन्द परिन्द व जुमला मख़्लूक़ात मुसख़्ख़र व मुतीअ हो। चरिन्द परिन्द व परिन्द मुहब्बत करने लगें। ख़्वास अशया व उलूम पोशीदा मुनकशिफ़ हों।

**या अल्लाहु** : यह नाम इस्मे ज़ात और सिफ़ते इलयहा का जामेअ है। तन्वीर में है अगर कोई आदमी रोज़ाना एक हज़ार बार या अल्लाह पढ़े तो मुस्तजा बुददावात हो जाए। साहिबे दलाइल तहरीर फ़रमाते हैं कि जो कोई हर नमाज़ के बाद सौ बार पढ़ता रहे साहिबे बातिन और कश्फ़ हो जो कोई तीन हज़ार एक सौ पच्चीस बार इस इस्म को लिखकर आटे में गोली बनाकर दरिया में डाले खुदा चाहे चालीस दिन में मुराद हासिल हो (अगर चे शाही तख़्त की तमन्ना हो) दीगर आमाल व वज़ाइफ़ इस किताब में भी मिलेंगे और हिस्सा अव्वल (115) (119)



और एक ख़ास अमल वुसअते रिज़्क़ का (128) पर दर्ज है क्योंकि वह अमल सिर्फ़ तीन दिन का है इसलिए अक्सर नज़र इन्तख़ाब इसी पर ठहरती है चाहिए कि इस अमल को मुवक्किल की हाज़िरी की नीयत से न पढ़े कि इस ज़माने में अमल बा मुवक्किल करना बड़ा मुश्किल है इसलिए बेहतर तरीक़ा यह है कि अमल तीन दिन इसी तरकीब से बिना तर्क जलाली व जमाली के पढ़े सिर्फ़ झूठ व दीगर ममनूआत शरअ से बचता रहे। तीन दिन के बाद 40 बार रोज़ाना विर्द में रखे। इन्शाअल्लाह रोज़ाना जिस चीज़ की ख्वाहिश हो ज़रूरत हो ग़ैब से पहुंचती रहे। इस इस्म के मुवक्किल ग़ायबाना इसकी इताअत करते रहेंगे मुजर्रब व आज़मूदा है (इक़बाल अहमद) नक़्श इस्म अल्लाह का सोने की पत्तर पर कन्दा कराके अंगुश्तरी मे पहने तो मुअज़्ज़िज़ हो।

**या रहमानु**- जो लोग दीनी व दुनियावी कामों, काहिली व ग़फ़लत की वजह से अपनी जानों पर ज़ुल्म करते हैं उन्हें चाहिए कि हर नमाज़ के बाद सौ बार पढ़ता रहे। तन्वीर में है कि उसके दिल को ज़ुल्मत व ग़फ़लत व सुस्ती से पाक करे। जो बच्चे पढ़ने से भागते हों और दिल न लगता हो उनको पांचों वक़्त पानी पर दम करके पिलाएं। साहिबे दलाइल फ़रमाते हैं 298 बार फ़ज्र की नमाज़ के बाद पढ़े तो अल्लाह उसपर रहमत फ़रमाए दिल को रोशन फ़रमाए मिरगी वाले के कान में 40 बार एक सांस में पढ़कर दम करे फ़ौरन होश में आए।

**कश्फ़**- अगर 40 दिन दो हज़ार पांच सौ बार बा शराइत तिलावत करे तमाम भेदों को जान जाए *(तन्वीर)*

**या रहीमु**- इमाम अली रज़ा रहमतुल्लाहु अलैहि इर्शाद फ़रमाते हैं कि इस इस्म को 258 बार रोज़ाना तिलावत करे तो उसका अंजाम बख़ैर हो। मरते वक़्त बा ईमान हो जाए। सकरात व क़ब्र व पुल सिरात की मन्ज़िलें आसान हों। बराए क़ज़ाए हाजात इस्म या अल्लाह या रहमान या रहीम शमा शबिस्ताने रज़ा हिस्सा अव्वल (115) पर मरक़ूम है बड़ा असरदार और मुजर्रब है हर दिन पांच सौ बार पढ़े

या बारियु पढ़े हक़ तआला इसको क़ब्र में न छोड़े बल्कि रियाज़ में ले जाए और बे औलाद हो। सात दिन रोज़ा रखे और नज़दीक इफ़्तार 21 बार या मुसव्विर पढ़े और पानी पर दम करके बीवी को पिला दे फ़रजन्द नेक पैदा हो ।

(ज़फ़र जलील)

**या ग़फ़ूरु या ग़फ़्फ़ारु या अ़फ़ूव्वु-** इमाम जाफ़र सादिक़ रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि जब इन्सान पर रोज़ी तंग हो या परेशानी दामनगीर हो या परेशानी और मुसीबत पेश आए या औलाद की तमन्ना हो या ज़्यादती माल व दौलत चाहता हो उसे चाहिए कि ख़ुलूस दिल से परवरदिगारे आलम की दरगाह में तौबा करे। इस नीयत के साथ कि आइन्दा इन ख़ताओं का मुरतकिब न होगा तो वह जिस शै को तलब करेगा हासिल होगी और हर सख़्ती दूर हो ज़ालिम व मूज़ी की ईज़ा और ज़ुल्म से महफ़ूज़ रहे। इन उमूर में ये तीन असमा सरीउल असर हैं (तन्वीर) पंज गन्ज क़ादरिया में या ग़फ़्फ़ारु या अल्लाह का अमल भी मरक़ूम है सौ बार इशा की नमाज़ के बाद ये सारे फ़ायदे हासिल हो इन्शा अल्लाह ।

**या वहाबु-** जो कोई फ़िक्र व फ़ाक़ा में मुब्तला हो इस इस्म को पढ़े और लिखकर पास रखे। हक़ तआला उसे इतना देता है कि हैरान रह जाए और अगर चाश्त की नमाज़ के बाद भी सज्दे में 7 बार कहे अल्लाह तआला ख़लक़त से बे परवाह कर देता है अगर कोई हाजत अहम हो तो निस्फ़ शब को वुज़ू करे और तीन बार सज्दा करे और हर सज्दा में सौ बार या वहाबु का दौरा करे। इस तरह कि हाथ की हथेलियां ऊपर को रहें। मिस्ल दुआ के इन्शा अल्लाह पहली रात में ही हाजत पूरी हो वर्ना तीन रात करे कामयाब हो। *(ज़फ़र जलील)*

और शेख़ मग़रिबी फ़रमाते हैं कि अगर कोई मुहिम पेश आए या किसी चीज़ का तालिब हो या कोई मुराद हासिल करना हो या किसी दूसरे के हाथ में क़ैद हो यानि मक़रूज़ हो या मेहनत सख़्त बरदाश्त करनी



पड़ती हो या रिज़्क़ में तंगी हो या हक़ीक़त की राह की तलब हो या दुनिया का माल हासिल करना मक़सूद हो या आला दर्जे की मुलाज़मत (हुकूमत की) हासिल करना हो या दुश्मन को दफ़अ करना हो या दोस्त से मुलाक़ात की तमन्ना हो या इसके अलावा कोई सी भी मुराद रखता हो तो आधी रात के वक़्त वुज़ू करके दो रकअत नमाज़ बजा लाए शब जुमा हो तो बेहतर है और मस्जिद में या ख़िलवत की जगह इस अमल को करना चाहिए। नमाज़ के बाद सर को नंगा करके हाथ उठाकर दुआ करके सौ बार या वहाब कहे। इसके बाद हक़ तआला से अपनी हाजत तलब करे। इस अमल को लगातार तीन रात करे इन्शा अल्लाह मक़सद पूरा होगा (तन्वीर) अमल दावत या वहाब शमा अव्वल (183) पर भी मरक़ूम है। हिम्मत व इस्तक़लाल की ज़रूरत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| المتين ٥٦٠ | ذوالقوة ٦٦٣ | هو الرزاق ٥٦٦ | ان الله ٥٥٢ |
| ان الله ٥٦٥ | هو الرزاق ٥٥٣ | ذوالقوة ٥٥٩ | المتين ٥٦٤ |
| ذوالقوة ٥٥٤ | المتين ٥٦٨ | ان الله ٥٦١ | هو الرزاق ٥٥٨ |
| هو الرزاق ٥٦٢ | ان الله ٥٥٧ | المتين ٥٥٥ | ذوالقوة ٥٦٧ |

**या रज़्ज़ाक़ु-** रिज़्क़ ज़िन्दगी की ज़रूरतों का नाम है और इस्म या रज़्ज़ाक़ के पढ़ने वाले को ग़ैब के ख़ज़ाने से रोज़ी मिलती है जो कोई सुबह सादिक़ होते ही फ़ज्र की नमाज़ के पहले अपने मकान के चारों कोनों पर खड़े होकर दस बार इस्म या रज़्ज़ाक़ तिलावत करे कभी उसके घर में तंगी व ग़रीबी न हो। तरीक़ा इसका यह है कि घर में क़िब्ला रुख़ खड़ा होकर अपने दाएं हाथ के कोने से शुरु करे और इस कोने से दूसरे कोने तक इस तरह जाए कि क़िब्ले से रुख़ न फेरे और हर कोने में क़िब्ला रुख़ ही खड़े होकर यह इस्म पढ़े बहुत मुजर्रब है (ज़फ़र जलील) शमा अव्वल में (129) पर भी इसका अमल दर्ज है। जनाब इमाम अली रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं जो आदमी रोज़ाना तीन सौ आठ बार नमाज़ फ़ज्र के बाद पढ़ लिया करे तो रिज़्क़ कुशादा

हो और शेख बोनी रहिमतुल्लाह अलैहि फ़रमाते हैं जो आधी शाअबान में कसरत से पढ़े और अंगूठी में कन्दा करके पहन ले। परवरदिगार आलम साल भर का रिज़्क़ अता फ़रमाए। (तन्वीर)

**या फ़त्ताहु**- यह इस्म मुबारक हर मुश्किल काम जिसका करना दुश्वार हो इस इस्म पाक की बरकत से आसानी से हल हो जाता है। ज़फ़र जलील में है जो फ़ज्र की नमाज़ के बाद दोनों हाथ सीने पर रखकर 70 बार या फ़त्ताहु का विर्द करे उसके आइनए दिल से ज़ंग मैल दूर हो और नूर व सफ़ाई की अरज़ानी हो (12) यह इस्म पाक इम्तिहान देने वालों और वकीलों, मुनाजिरों, नई नई ईजाद करने वालों, मुफ़क्किरों, मुबल्लिग़ों, मुक़र्रिरों के लिए शमा शबिस्तान का काम देता है। शेख बोनी रहिमतुल्लाहि अलैहि फ़रमाते हैं यह इस्म सालिकों के लिए मुनासिब है जो कसरत से इसका विर्द करते हैं तो परवरदिगार अस्बाब फ़तह न नुसरत कुशादा फ़रमा दे और जो आदमी दो रकअत नमाज़ अदा करे पहली रकअत में सूरह फ़ातिहा के बाद सूरह यासीन शरीफ़ दूसरी में सूरह फ़ातिहा के बाद सूरह तबारकल्लज़ी पढ़े। नमाज़ के बाद 489 बार या फ़त्ताहु पढ़े। तमाम मुश्किलें आसान हों हर हाजत पूरी होवे। ग़ैबी मदद शामिल हो (तन्वीर) इस इस्म का पढ़ने वाला तसख़ीर और मुक़दमों में कामयाबी के लिए नक़्श मुहीतुल इसरार शरीफ़ सामने रखे और निगाह उस पर रहे आंख में तसख़ीर पैदा हो।

**या आलिमु या अलीमु**- इमाम हुमाम अली रज़ियल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं अगर कोई अपने दिल में इस इस्म की कसरत करे तो परवरदिगार अपने ख़ज़ानए इल्म से सरफ़राज़ फ़रमाए। *(तन्वीर)*

यह इस्म पाक इस्तिख़ारे और इसरारे मुख़फ़ी के इज़हार के लिए मख़सूस है अगर यह जानना चाहे कि इस मुक़दमे का अंजाम क्या होगा? लड़ाई में किसकी जीत होगी? तिजारत में नफ़ा होगा या नुक़्सान शिर्कत मुफ़ीद होगी सफ़र अच्छा होगा? इस तरह के दीगर उमूर मख़फ़ी जो वक़्त से पहले मालूम करना चाहते हों तो तीन रात जुमा आधी



रात के बाद वुज़ु करके दो रकअत नमाज़ अदा करे और नमाज़ के बाद एक सौ पचास बार इस इस्म को पढ़े। इसके बाद बिस्तर ख्वाब पर जाए और दरूद में मशग़ूल रहे यहां तक कि सो जाए तो इन्शा अल्लाह ख्वाब में बता दिया जाएगा और जो कुछ मालूम होगा उसमें बिना किसी वली कामिल की दुआ के वह तबदीली न होगी यानि जो मालूम होगा वैसा ही ज़हूर में आएगा। *(तन्वीर)*

**इस्तिख़ारे के बारे में ख़ुसूसी हिदायत:** अगर इस्तिख़ारे से किसी अज़ीम नुक़्सान की ख़बर मिले तो परेशान न हो कि वह होकर रहेगा मगर कुछ अमल ऐसे भी है जिनके करने से कज़ाए मुबरम टल सकती है। दुआ जामिउल मतलूब व दाफ़ेउल कुरूब और अमल तसख़ीर व उक़दतुल मुहब्बत जो इब्तिदाए किताब में मरक़ूम है इसके लिए अक्सीर का हुक्म रखती है। अक्सर बुज़ुर्गाने दीन असमाए हुसना के विर्द को भी मुजर्रब फ़रमाते हैं अगर इस इस्म मुबारक को चार सौ पचास बार और पांच सौ बार दरूद शरीफ़ पढ़े तो हर मुश्किल आसान हो। *(तन्वीर)*

- अमल या अमिलु शमा अव्वल (122) पर दर्ज है और भी कई अमल मरक़ूम हैं।

**या क़ाबिज़ु**- अगर दुश्मन क़वी हो या जान व माल का ख़तरा हो इस इस्म को तीन रात लगातार ब नियत आवारगी दुश्मन पढ़े। दुश्मन मक़हूर हो और मक़्सद हासिल हो। यह इस्म वह है कि इसकी जकात से फ़रिश्ता मौत, रूह क़ब्ज़ करता है अगर कोई आदमी इसका विर्द करे तो उसकी मुश्किलें आसान हों और कुव्वत व हैबत ज़्यादा हो इस इस्म का नक़्श हैज़ के खून व बवासीर के ख़ून को रोकने के लिए अक्सीर है (तन्वीर) यह नक़्श शमा हिस्सा अव्वल (35) पर दर्ज है। जो आदमी पैसे के लेन देन के वक़्त यह इस्म पढ़े कभी नुक़्सान न हो।

**या बासितु**- इमाम आज़म रहमतुल्लाह अलैहि इर्शाद फ़रमाते हैं अगर सुबह के वक़्त दस बार हाथ फैलाकर या बासितु कहे और हाथ चेहरे

पर मल ले तो हक़ तआला किसी का मोहताज न करे। रिज़्क़ कुशादा हो ग़म व दुख दूर हो तंग दस्त और क़हत का शिकार न हो (तन्वीर) शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह अलैहि फ़रमाते हैं अगर तालिबे हक़ सादिक़ इस इस्म को इस तरह पढ़े कि अपने नफ़्स को शहवत से जिस्म को हराम से, ज़बान को कलामे बद से, नज़र को मुहर्रमात से, कान को ग़ीबत से हाथ को ममनूआत से, दिल को गुनाहों से, अक़्ल को ख़्वाहिश से, रूह को करामत की तरफ़ इलतिफ़ात करने से और सर को ग़ैर की जानिब ख़मीदा होने से रोके तो कामिल हो जाए। तसख़ीर के लिए इस्म या बासितु या वदूदु का विर्द करे। रिज़्क़ की कुशादगी के लिए अमल या बासितु शमा अव्वल (132) पर दर्ज है। आमिलीन फ़रमाते हैं कि इस्म या वदूदु या बासितु के आदाद में अपने नाम के आदाद शामिल करके इस तरह के नक़्श बनाए कि اللہ لطیف بعبادہ یرزق من یشاء का मुरब्बअ हिसार किए हो तो उसको पहनने या ग़ल्ला में रखने और दुकान पर लगाने से ऐसी बरकत हो कि हैरान रह जाए (मगर अल्लाह के नाम पर रोज़ाना की आमदनी से कुछ निकालना ज़रूरी है)



**या ख़ाफ़िज़ु**- यह इस्म पाक दुश्मनों की शक़ावत और दुश्मनी से महफ़ूज़ व मामून रहने के लिए ख़ास है। शेख़ बुज़ुर्ग फ़रमाते है जो आदमी हैवानी फ़ज़ाइल से अपने नफ़्स को पाक करके इस इस्म को पढ़े उस पर इसरार मुनकशिफ़ हो जाए और इस इस्म का आमिल जिस हाकिम व ज़ालिम के सामने जाए हाकिम इस इस्म की हैबत से ज़लील व ज़ईफ़ हो । *(तन्वीर)*

**या शफ़िउ** - जो आदमी तीन रोज़े रखे और चौथे दिन अगर चौदहवीं रात हो तो ज़्यादा बेहतर है। 70 हज़ार बार पढ़े दुश्मन पर फ़तह



हो और लोगों में बर गुज़ीदा और मालदार हो। (ज़फ़र जलील) अगर इस इस्म या ख़ाफ़िज़ु या राफ़िउ के आदाद में अपने नाम के आदाद शामिल करके नक़्श रेशमी कपड़े या चांदी पर कन्दा करा के अपनी टोपी के अन्दर सी ले तो कमज़ोरी व ग़म दूर हो। तहसील इल्म में आसानी हो इम्तिहान में इम्तियाज़ी नम्बर हासिल हों।

**या मुज़िल्लु** - शेख़ जलालुद्दीन महमूद तबरेज़ी फ़रमाते हैं अगर दुश्मन क़वी हो जाबिर व ज़ालिम हो जिससे जान का डर हो तो वुज़ू करके दो रकअत नमाज़ अदा करे। नमाज़ के बाद मस्जिद में 77 बार यह इस्म रोते गिड़गिड़ाते हुए पढ़े। हक़ तआला अमान में रखे दुश्मन ज़लील हो। (तन्वीर) यह इस्म तसख़ीर उतारिद के लिए है शेख़ शहाबुद्दीन सहरवर्दी फ़रमाते हैं कि अगर तसख़ीर उतारिद की तमन्ना है तो साठ दिन की ख़िलवत अख़्तियार करे और दस हज़ार बार रोज़ाना يَامُذِلَّ كُلِّ جَبَّارٍ عَنِيدٍ بِقَهْرِ عَزِيزِ سُلْطَانِهِ يَامُذِلُّ की तिलावत करे और इन दिनों में दूसरा कोई वज़ीफ़ा या अमल कभी भी न पढ़े। बेद इंजीर से चौकी तीन पाए की तैयार करे और हर पाए पर यह इस्म तहरीर करे और चौकी के ऊपर इस्म या अल्लाह तहरीर करे और चौकी के नीचे धूनी रोशन करे और ख़ासुल ख़ास ज़रूरत के अलावा बाहर न आए न किसी को अन्दर आने दे आख़िर दावत मलिक उतारिद मर्द पीर की सूरत में हाज़िर होगा और मुबारक ख़ुशी के साथ इताअत व तसख़ीर क़ुबूल करेगा। इसके बाद आमिल को अख़्तियार है कि जिस वक़्त चाहे मलिक उतारिद के बतलाए हुए क़ायदे के मुताबिक़ इससे मुलाक़ात करे। *(तन्वीर)*

इससे आमिल में बहुत सी ख़ूबियां पैदा होंगी। ज़बान से इल्म व हुनर की बातें अदा हों जिनको सुनकर लोग ताज्जुब करें। हक़ सुबहानहु तआला अज़ीज़ व मोहतरम गर दाने ज़िल्लत व ख़्वारी दूर और आमिल के एक इशारे पर ज़लील अज़ीज़ और अज़ीज़ ज़लील हो फ़क़ीर बादशाही करे और बादशाह फ़क़ीर हो जाए। *(तन्वीर)*

**या समीउ** - इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते है कि इस्म का पढ़ने वाला मुस्तजा बुद दावात हो जाता है अहले तहक़ीक़ लिखते हैं कि इसके आमिल को चाहिए कि फ़ुहुश ग़ीबत से अपनी ज़बान व कान को बचाए। मुहम्मद अहमद तमीमी अलैहिर्रहमा फ़रमाते हैं अगर रोज़ाना फ़ज्र की नमाज़ के बाद सात बार فَسَيَكْفِيْكَهُمُ اللّٰهُ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ पढ़े तो सारा दिन मुहिम्मात से किफ़ायत फ़रमाए और मुश्किलात से बचाए रखे (तन्वीर) अगर इसका नक़्श लिखकर अपनी टोपी में रखे। दर्जे बुलन्द हों अज़ीज़ ख़लाइक़ हो। (मजमूआ आमाल) शमा अव्वल (140) दूसरा अमल दुशमन व बद गो बद ख़्वाह को मुसख़्ख़र करने का शमा अव्वल (163) पर दर्ज है अगर इस इस्म के नक़्श को शर्फ़ क़मर में कन्दा कराके अगूंठी में पहने और इस इस्म को ब कसरत पढ़े तो मक़बूलु ल क़ौल और मुसतजाबुद्दावात हो जाए। फ़तूहात बे शुमार हासिल हों (तन्वीर) इसका नक़्श धोकर बवासीर वाले को पिलाए शिफ़ा हो। अगर आठ दिन चार सौ अड़सठ बार जिस नीयत से पढ़े वह मुराद हासिल हो। *(तन्वीर)*

**या बसीरु**- अहले तहक़ीक़ फ़रमाते हैं इस इस्म का विर्द करे और अपनी आंखों को लोगों के ऐबों और शरअ के ख़िलाफ़ कामों से रोके तो अल्लाह तआला उसे बीनाई ज़ाहिर व बातिन इनायत फ़रमाए। इस इस्म मुबारक की बरकत से अम्बिया अलैहिस्सलाम को मेराज हासिल हुई और औलिया मुक़र्रब बारगाह इलाही हुए। अगर जुमा के दिन सुन्नत और फ़र्ज़ के बीच व मकाशफ़ात व इसरार असमाए इलाही से मुशर्रफ़ हो (तन्वीर) ज़फ़र जलील में रोज़ पजंशम्बा लिखता है बेहतर है कि पंज शम्बा व जुमे के दिन दोनों दिन नमाज़ फ़ज्र की सुन्नत व फ़र्ज़ के बीच पढ़े या अस्र की सुन्नतें पढ़कर इस इस्म की तिलावत करे फिर जमाअत से फ़र्ज़ अदा करे। *(इक़बाल अहमद)*

**या हाकिमु, या हकिमु या हकीमु** - इस इस्म की सिफ़ात अजीब हैं कोई मुहिम पेश आए क़ैद व मजबूरी, क़र्ज़, गुरबत, तंगी मआीशत



व दर्वेशी या इसके जैसी और चीज़ें तो इस इस्म का विर्द करे। शेख बोनी अलैहिर्रहमा ने फ़रमाया है कि जो कोई इसे बार बार पढ़ता है उसपर उमूर और मवाहिबे इलाहियह खोल दिए जाते हैं और अगर कोई आदमी इस इस्म के आदाद के मुवाफ़िक़ रोज़ाना बाद नमाज़ के (हर नमाज़) तिलावत करे तो परवरदिगार आलम फ़हम व हिक्मत अता फ़रमाए और इस मुश्किल को सुलझाने में दुश्वारी न हो। (तन्वीर) इस इस्म का आमिल जिस मश्विरे में शरीक हो बेहतर और मुफ़ीद राय दे और उसकी राय इल्म व हिक्मत फ़हम व दानिश पर मबनी हो जिस मुश्किल का हल बड़े बड़े मुफ़क्किर और अहले दानिश न निकाल सके हों। इसका हल इसका आमिल तलाश करेगा। इसलिए हकीम व डाक्टर और वकीलों के लिए इस इस्म आज़म की तिलावत मुफ़ीद है।

**या आदिलु या अदलु** : जो मर्द मोमिन क़ब्र व हश्र की हौलनाकियों से डरता हो और यह डर हो कि मेरे मातहत और महकूम अफ़राद को मेरी ज़ात से कोई अज़िय्यत या दुख पहुंच गया तो क़ब्र व क़ियामत में इसकी सज़ा क्या होगी क्योंकि इर्शाद बारी है कि मैं अपने रहम व करम से अपने क़सूर तो माफ़ फ़रमा दूंगा मगर मेरे बन्दे के हक़ूक़ किसी पर हों तो वे मैं माफ़ न करूंगा। वह बन्दा खुद माफ़ कर दे तो उसे अख़्तियार है लिहाजा आख़िरत की बाज़ पुर्स से डरने वाले अफ़सरान, मजिस्ट्रेट, जज और कारख़ानों के मैनेजर व मालिकान वग़ैरह को इस इस्म का विर्द करना चाहिए या आदिल के अदद 105 इन आदाद को 4 से और या अदलु के 104 आदाद को 3 से ज़रब देकर पढ़े तो अल्लाह तआला अपनी सिफ़त अदल का असर उस पर डाल देगा। -12-

अगर हर जुमा को 21 रोटी के टुकड़ों पर तहरीर करके खाए तो नूरे ईमान ज़्यादा हो। ख़ामियां व बुराइयां दूर हों। अगर सुबह की नमाज़ के बाद किसी से बात किए बिना पांच हज़ार तीन सौ सोलह बार पढ़े तो परवरदिगार आलम सारे ज़ालिमों को दफ़अ फ़रमाए और अम्न

व सुकून हासिल और नमाज़ से पहले चार बार अल अदलु कहे तो दुआ मुस्तजाब हो।

जो आदमी जुमा के दिन रोटी के 20 टुकड़ों पर लिखकर खाए तो अल्लाह तआला उसके लिए ख़ल्क़ को मुसख़्ख़र कर दे।

*(ज़फ़र जलील, तन्वीर)*

**या लतीफ़ु**- इस इस्म मुबारक की बरकत से हक़ तआला तालिबान को इल्म इनायत फ़रमाता है और आबिदीन व मोमिनीन के आमाल को इसके सदक़े में मलाइका आसमान पर ले जाते हैं। जो आदमी इस को बार बार पढ़े उसे चाहिए कि लोगों से लुत्फ़ व शफ़क़्क़त से पेश आए ताकि हक़ तआला ज़ाकिर को मज़हर लुत्फ़ बना दे (तन्वीर) जो मुलाज़मत या रोज़गार से महरूम हो या फ़िक्र व फ़ाक़ा का शिकार हो या कम आमदनी की वजह से परेशान हो या ग़रीबी की वजह से कोई हमदर्द नहीं या बीमार है और ग़म ख़्वार नहीं या लड़कियां हैं और शादी नहीं होती या ज़्यादा औलाद है तो वह वुज़ू करे और दो रकअत नमाज़ अदा करे और इस इस्म को हुसूले मक़सद के लिए सौ बार पढ़े। अल्लाह तआला उसके काम को ठीक ठीक अंजाम दे देगा (ज़फ़र जलील) अमल या लतीफ़ु मुजर्रब वुसअते रिज़्क़ का शमा अव्वल (137) पर देखिए।

**या ख़बीरु** - इस इस्म का आमिल आलमे ख़्वाब व बेदारी में पोशीदा हालात से बा ख़बर हो जाता है (तन्वीर) يَاعَلِيمُ عَلِّمْنِي يَارَشِيْدُ اَرْشِدْنِيْ يَاخَبِيْرُ اَخْبِرْنِيْ यानी दो रकअत नमाज़ अदा करे और इसका सवाब सय्यिदिना ग़ौस आज़म रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की रूह पाक को बख़्शे और बाद नमाज़ 121 बार यह अज़ीमत पढ़े- जो मालूम करना हो आलमे ख़्वाब या नीम ख़्वाब या नीम बेदारी या जागते में देख ले (मजमूआ आमाल) जो कोई अपने नफ़स के ताबेअ हो चुका हो और एहकाम इलाही से ग़ाफ़िल होकर इस इस्म को कसरत से पढ़े सारे मक़सद हल हो जाएंगे। *(ज़फ़र जलील)*



**या हलीमु** - अहले तहक़ीक़ ने फ़रमाया है कि इस इस्म की बरकत से मख़लूक़ का खाना पानी मुरत्तब किया गया है और इसी की बरकत से आलम क़ायम है अगर कोई आदमी 883 बार रोज़ाना तिलावत करे तो ख़लक़त मेहरबान हो (तन्वीर) इस इस्म को काग़ज़ पर लिखकर पानी से धोकर खेत में छिड़के खेती में बरकत हो और खेती आफ़ात अर्ज़ी से और समावी से महफ़ूज़ रहेगी (ज़फ़र जलील) हाजी नासिरुद्दीन और शेख़ अब्दुल मजीद मग़रिबी रज़ियल्लाहु अन्हुमा मुत्तफ़िक़ हैं कि बीमार के सिरहाने एक बार सूरह फ़ातिहा और दस बार या हलीमु पढ़े तो मर्ज की सख़्ती में फ़ौरन कमी हो और मरीज़ ठीक हो जाएगा।

*(तन्वीर)*

**या अज़ीमु** - शेख़ मग़रिब अलैहिर्रहिमहु इर्शाद फ़रमाते हैं इस इस्म का ज़ाकिर जिसकी तरफ़ निगाह उठा दे वह बे साख़्ता ताज़ीम के वास्ते खड़ा हो जाता है (तन्वीर) जिस आदमी को लोग हिक़ारत की नज़र से देखते हैं ग़रीबी की वजह से तंगीए रिज़्क़ व बे रोज़गारी या जो आदमी अपने इल्म और ख़ानदानी इफ़तिख़ार के मुताबिक़ ओहदा या मुलाज़िमत हासिल करने में नाकाम रहे वह शर्फ़े आफ़ताब नक़्श मुरब्बअ चांदी पर कन्दा करा कर अंगुश्तरी में रखें और इस इस्म का विर्द करे मुअज़्ज़म व मुकर्रम हो।

**या शकूरु** - अहले हक़ीक़त फ़रमाते हैं इस इस्म का ज़ाकिर मुस्तजाबुद दावात हो जाए और परवरदिगारे आलम अपने इनामों के लिए मख़सूस फ़रमा ले और मक़ाम कश्फ़ हासिल हो। दुनिया व आख़िरत की नेकियां और भलाइयां हासिल हों (तन्वीर) अगर आंखों की रोशनी कम हो जाए या बसारत ख़त्म हो जाए इस इस्म को 41 बार पढ़कर दोनों हाथों में पानी लेकर दम करे और मुंह पर डाले और आंखों पर मले। मौला तआला आंखों की रोशनी वापस फ़रमा दे। *(ज़फ़र जलील)*

**या अली**- जो आदमी इस इस्म की तिलावत करे अगर ज़लील हो तो अज़ीज़ और अदना हो तो आला मर्तबे पर पहुंचे। फ़क़ीर हो तो

मालदार हो जाए ग़रीबुल वतन हो तो वतन की वापसी का सामना मुहय्या हो जाए दुश्मन पर तसल्लुत हो। मलूक व सलातीन में तक़र्रुब हासिल हो। अगर इस इस्म का नक़्श अंगुश्तरी में पहने और इसका विर्द करे तो ऐसे अजीब अजीब असरात देखे कि खुद हैरान रह जाए अगर हाकिम या बादशाह है तो लश्कर व रिआया इताअत में सर झुका दे और अगर वह अंगुश्तरी लड़की को पहनायी जाए जिसकी शादी न होती हो बरकत की वजह से इस इस्म आज़म के हो जाए (तन्वीर) बेहतर है कि अली व अज़ीम को मिलाकर पढ़े या इस्म अली व अज़ीम के पढ़ने के बाद आयतल कुर्सी शरीफ़ को तीन बार पढ़ें।

**या हाफ़िज़ु या हफ़ीज़ु** : इस इस्म का आमिल हाकिम के ख़ौफ़, ज़ालिम के ज़ुल्म, शैतानों के शर से महफ़ूज़ रहता है। चरिन्द व परिन्द, दरिन्दों हशरातुल अर्ज़ से महफ़ूज़ रहता है जंगलों का काम करने वालों, फौजी जवानों, जहाजरानों को इसका विर्द ज़रूर करना चाहिए। साथ ही बच्चों को ख़लल आसेब व बीमारी से बचाने के लिए इसका नक़्श देना चाहिए। इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि तादाद इस्म के मुताबिक़ काग़ज पर लिखकर बाज़ू पर बांधे तो वसवसा शैतानी व ख़्यालात फ़ासिदा ख़ौफ़ सलातीन सांप बिच्छू के डसने से महफ़ूज़ रहे। ला इलाज मरीज़ के बांधे शिफ़ायाब हो। *(तन्वीर)*

**या मुक़ीतु** – यह नफ़स को मुतीअ और रूह को मुसख़्ख़र करने में यकता है यानि जो आदमी नफ़स को ताबेअ कर लेता है वह पानी पर ज़मीन के जैसा चलता और फ़िज़ाए बसीत में उड़ता है और रूह मुसख़्ख़र हो जाती है तो जिस्म रूह की तरह लतीफ़ हो जाता है। इसके लिए क़ुर्ब व दूरी सब बराबर हो जाती है। रूह की तरह जिस्म आसमानों की सैर करता है और यह इस्म बे सहारों का सहारा है अहले तहक़ीक़ ने फ़रमाया है कि इससे इस्म के दरयाए मारफ़त में डूब कर पढ़े और अपना ज़्यादा वक़्त ख़िदमते ख़ल्क़ में सर्फ़ करे और हर दोस्त व दुश्मन पर शफ़क़्क़त व जोदो सख़ा करने में दरीग़ न करे



ताकि हक़ तआला नफ़स को मुतीअ व रूह को मुसख़्ख़र फ़रमा दे। *(तन्वीर)*

**या हसीबु** – इस इस्म की बरकत से किरामन कातिबीन और मलाइका मुक़र्रबीन बन्दों के आमाल पर मुत्तला होते हैं। शर्फ़ व ख़ौफ़ दुश्मन और बद मिज़ाज बदकार औरत इसी तरह बीवी अपने बदकार अय्याश मर्द के लिए मुलाज़िम अपने ज़ालिम व जाबिर हाकिम जिससे हर वक़्त इज़्ज़त व आबरू का ख़तरा हो तो चहार शम्बा या पंजशम्बा को रोज़ा रखे और हर नमाज़ के बाद 77 बार कहे इन्शा अल्लाह तआला कुछ ही बार अमल करने से आदाते बद, अफ़आल क़बीहा से नजात हासिल हो (तन्वीर) अगर आदाद इस्म के मुताबिक़ बिना रोज़ा रखे विर्द करे तो बरकत से हाजात पूरी हों माल व औलाद ज़मीनी व आसमानी आफ़तों से महफ़ूज़ रहें। शरीर, कुन्द ज़ेहन काम और पढ़ने से भागने ख़ौफ़ व डर से रोने या नज़र से बीमार होने वाले बच्चों को मिट्टी के प्याले या आबख़ोरे पर या हसीबु व या मुक़ीतु सात बार पढ़कर दम करे। इसके बाद पानी इसमें से खुद पिए और बचा हुआ पानी बच्चे को पिलाए। *(ज़फ़र जलील)*

**या जलीलु या ज़ुलजलालि वल इकराम** : ये दोनों इस्म ख़्वास में यकता हैं हज़रत इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं (इनमें से कोई एक) इस्म अगर सात दिन तक रोटी के एक टुकड़े पर लिखकर खुद खाए बाक़ी रोटी सदक़ा कर दे तो तमाम मख़लूक़ मुसख़्ख़र हो और ब इकराम पेश आए। इस इस्म का पढ़ने वाला खुदा और बन्द गाने खुदा के सामने मुअज़्ज़िज़ व मुकर्रम हो और जमीअ मक़ासिद व मुरादात हासिल हो। अगर सफ़ेद काग़ज़ पर लिखकर मकान में रखे बरकत हो लोग उसकी तरफ़ रुजू करें (ज़फ़र जलील) हामला औरत बांधे तो हमल इसक़ात से महफ़ूज़ रहे और बच्चा जिन आसेब, उम्मु स्सुबियान के ख़लल से बचा रहे अगर खाने या पीने पर दम करके तरफ़ैन को खिलाएं या पिलाएं तो सुलह हो। सीसा की तख़्ती पर लिखकर मतलूब की सूरत बनाकर उसके मकान में रख

दें नकसीर जारी हो और मिट्टी का पुतला बनाकर लिखकर सुखा कर बुरादा बना के ज़ालिम के घर में डाले बर्बाद हो। (तन्वीर)

**या मुक़सितु-** यह इस्म क़वी और हेबत वाला है इसके पढ़ने वाले से लोग ख़ौफ़ज़दा रहते हैं बड़े से बड़ा जाबिर व मुफ़सिद उससे आंख मिलाने से गुरेज़ करता है। कि जब तक वह किसी के साथ गैर मुन्सिफ़ाना सुलूक न करे अगर किसी का हक़ किसी ने दाब रखा है अगर शोहर बे इन्साफ़ी से औरत का हक़ ग़सब करता है तो इस इस्म के आदाद के मुताबिक़ पढ़े। अगर चालीस दिन में इसका असर शोहर के फेअल से ज़ाहिर न हो यानि शोहर उसका हक़े ज़ोजियत अदा नहीं करता तो यह न समझना कि इसका असर नहीं हुआ बल्कि अपनी ख़ामी माने कि मुझपर भी शोहर का हक़ बाक़ी है और मैं उसे अदा नहीं कर पाती। यह ख्याल करके हर तक्लीफ़ बर्दाश्त करते हुए शोहर की ख़िदमत करे और इस इस्म का एक चिल्ला और करे इस नीयत से कि अगर मुझ में ख़ामी है तो मेरी और मेरे शोहर की इस्लाह फ़रमादे अपने अदल से (इक़बाल अहमद) अहले तहक़ीक़ ने फ़रमाया है कि जो आदमी इस इस्म का विर्द करे यक़ीन रखे कि अल्लाह आदिल है किसी पर ज़ुल्म नहीं फ़रमाता। (तन्वीर)

**या जामिअु -** इस इस्म की बरकत से जमीअ मख़लूक़ात जनाब सुलेमान अलैहिस्सलाम की मुसख़्ख़र थी (तन्वीर) अगर आदमी परेशान हाल हो। रिश्तेदारों व दोस्तों से दूर हो। महबूब की जुदाई में बे क़रार हो तो इतवार के दिन चाश्त के वक़्त ग़ुस्ल करे और दो रकअत नमाज़ अदा करके मुंह आसमान की तरफ़ करे दोनों हाथ फैलाकर दो बार या जामिअु कहे इस तरह कि जब पहली बार पढ़े तो दाएं हाथ की एक उंगली बन्द करे दूसरी पर दूसरी इस तरह दस बार में दसों उंगलियां बन्द कर ले फिर बे शुमार इस इस्म का विर्द करे। इसके बाद हाथ खोलकर मुंह पर फेर ले महबूब हाज़िर हो (ज़फ़र जलील) यह अमल कभी भी ग़ैर औरत या ग़ैर मर्द के लिए न करे। जिससे मंगनी हो



चुकी हो निकाह न हुआ हो सिर्फ़ फ़रार हुई या मेके बैठ जाने वाली के लिए करे इसी तरह वह औरत अपने शोहर के लिए करे जिसका शोहर गायब हो या लड़कर चला गया हो

**या करीमु-** शेख़ अबुल अब्बास अहमद इब्न अली बोनी अलर्रहमतु फ़रमाते हैं जो आदमी इस इस्म की मदावमत करे तो मुद्दत हयात मुअज़्ज़िज़ व मुकर्रम रहे और मुसतजा बुद्दावात हो जाए। तगंदस्ती व मुफ़लिसी दूर हो दौलत और वुसअत रिज़्क हासिल हो (तन्वीर) इस इस्म की बरकत से इल्म व दौलत इज़्ज़त व शोहरत जो भी हासिल हो वह करीम व सख़ी देकर वापस न ले इस यक़ीन के साथ अमल करे। अगर सोते वक़्त बिस्तर पर लेटने के बाद पढ़े और पढ़ते पढ़ते सो जाए तो रात भर फ़रिश्ते उसके लिए दुआ करें (जफ़र जलील) पंज गंज क़ादरीया में या करीमु या अल्लाह ज़ुहर की नमाज़ के बाद सौ बार लिखा है।

**या रक़ीबु -** यह इस्म पाक मुहाफ़िज़त हुस्न व जमाल औलाद, माल व दौलत, कारोबार, खेती आदि के लिए है। यह इस्म मायनों व औसाफ़ में बड़ा वसीअ है। अगर किसी के हुस्न व जमाल औलाद अमवाल इज़्ज़त व माल के हासिद व रक़ीब ज़्यादा हों या किसी की मंगनी हो चुकी हो और जलने वाले बीच में रोक बन जाएं और कशीदगी पैदा करने की कोशिश करें या कशीदगी पैदा कर दी गयी हो तो इस इस्म का विर्द करना चाहिए जो माल व मिलकियत दुश्मन व हसद की वजह से छीन ली गयी हो उसके हुसूल के लिए भी इसका अमल बेहतर है। हज़रत इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु इर्शाद फ़रमाते हैं कि जिस दुश्मन के मुक़ाबले की ताक़त न हो उसके लिए सात हज़ार बार नमाज़ से पहले पढ़ लिया करे (तन्वीर) घर बार खेती वग़ैरह को तन्हा छोड़ते वक़्त दुश्मन के नुक़्सान का ख़तरा हो तो इस इस्म को सात बार पढ़कर जिसकी हिफ़ाज़त मक़सूद हो उसके चारों ओर दम कर दे वापसा तक कोई नुक़सान न पहुंचा सके। (ज़फ़र जलील)

या मुजीबु – इस इस्म की बरकत से हज़रत इसमाईल अलैहिस्सलाम के गले पर छुरी कुन्द हो गयी थी (तन्वीर) इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने इर्शाद फ़रमाया कि इस इस्म को एक हज़ार बार पढ़ कर जो दुआ मांगी जाए क़ुबूल हो अगर किसी दुआ व अमल के आख़िर में 26 बार या सरीअु या मुजीबु पढ़े तो फ़ौरन ज़हूर हो (तन्वीर) शेख़ शहाबुद्दीन सहर वर्दी रहमतुल्लाहि अलैहि ने फ़रमाया है कि इस इस्म के नक़्श को अपने पास रखे तो हर बला से बचा रहे अगर कोई सख़्त मुहिम सामने हो या किसी मामले में परेशान हो तो एक मज्लिस में 90 हज़ार बार पढ़े इन्शा अल्लाह हाजत पूरी हो मुजर्रब है। (तन्वीर) शेख़ बोनी अलैहि रहमह ने फ़रमाया है कि अगर किसी हाकिम या बादशाह को मुसख़्ख़र करना हो तो उसकी तस्वीर को ख़िलवत में अपने सामने रखे और इस इस्म के नक़्श को नयी ठीकरी पर लिख कर अपने पास रखे और तिलावत में इस इस्म को पढ़ना शुरु करे मक़्सद हासिल हो। अगर इस का नक़्श चांदी पर कुन्दा कराकर अपने पास रखे दुआ के कुबूल होने की बरकत हासिल हो। *(ज़फ़र जलील)*

या वासिअु – अहले तरीक़त ने फ़रमाया है कि जो आदमी हरीस हो तो उसके लिए यह इस्म नाफ़ेअ है। अगर 137 बार रोज़ विर्द में रखे हक़ तआला अपने अफ़ज़ाल की वारिश फ़रमाए। अगर कोई 1025 बार पढ़े। उलूमर्तबा मन्ज़िलत आली कुलूब तसख़ीर सलातीन व उमरा रफ़अत व जगह व मन्जिलत अहवाल अजीब हालात, ग़रीब व वुसअते रिज़्क़ के मफ़ाद हासिल हों अगर इसके नक़्श को लिखकर किसी मकान या दुकान या ज़ख़ीरा, तिजोरी में रखें तो बरकत हासिल हो (तन्वीर) तसख़ीर के लिए 70 दिन तक रोज़ाना 70 हज़ार बार पढ़े तो मर्तबा आली हो। तमाम मख़लूक़ मुतीअ व मुसख़्ख़र हो। वुसअते रिज़्क़ के लिए 15 बार हर नमाज़ के बाद पढ़े। *(तन्वीर)*

या वदूदु – यह इस्म मुहब्बत के लिए आमिलों में बड़ा मशहूर है अहले तहक़ीक़ फ़रमाते हैं अगर इसका आमिल अपने बेगाने हर मिलने



वाले से अख़्लाक़ व मुहब्बत से पेश आए तो अल्लाह तआला उसे अपना महबूब बना ले (तन्वीर) इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फ़रमाया अगर कोई ख़्वाहिशाते नफ़सानी का शिकार हो शराबी या ज़ानी हो झूठा हो, इस्लाम वालों को ईज़ा पहुंचाने में कोशां रहता हो तो 960 बार इस्म या वदूदु और अव्वल आख़िर 53 बार आयत करीमा اِنَّهٗ هُوَ یُبْدِئُ وَ یُعِیْدُ وَهُوَ الْغَفُوْرُ الْوَدُوْدُ ذُوالْعَرْشِ الْمَجِیْدُ فَعَّالٌ لِّمَا یُرِیْدُ पढ़े फिर दुआ करे इन्शा अल्लाह नेक इन्सान बन जाएगा। इसी तरह फ़ाहिशा औरतों को सुधारने के लिए भी यह अमल करना चाहिए। *(तन्वीर)*

या माजिदु या मजीदु : जो आदमी साहिबे इज़्ज़त व बुज़ुर्गी होना चाहे इस इस्म का विर्द करे अगर कोई आदमी ज़लील व रुसवा हो या किसी वजह से यह गुमान हो कि ज़लील व रुसवा हो जाएगा जैसे किसी की अमानत रखी थी ख़र्च कर चुका या मालदार था अब मुफ़लिस है और लड़के या लड़की की शादी करना है जिसमें पर्दा फ़ाश होने का अंदेशा है या मुलाज़िमत छूट चुकी है या माअज़ूल किए जाने का अन्देशा है इस इस्म का विर्द करे। मौला तआला इस की बरकत से ऐसा ज़रिया अता फ़रमा देगा कि ज़िल्लत व रुसवाई से महफ़ूज़ रहे (तन्वीर) अमानत में ख़्यानत, रिश्वत या मज़दूर व मुलाज़िम का पैसा कोई इल्ज़ाम रख कर काटना या किसी की भूल से फ़ायदा उठाना उसकी रक़म मार लेना हराम है। ऐसा करने वाला अपने पिछले कामों से तौबा करे और आगे के लिए अहद करे फिर अमल करे। शेख़ अबुल अब्बास फ़रमाते हैं यह अमल उमरा व बादशाहों के हस्बे हाल है। *(तन्वीर)*

या बाअिसु – इस इस्म को बराए सफ़ाए बातिन व दफ़अ वसवसा शैतान व तज़किया नफ़्स पढ़ना चाहिए। अगर किसी आदमी में शहवत ग़फ़लत व हिर्स बुख़्ल बहुत हो तो इस इस्म को बवक़्ते ख़्वाब लेट कर सीने पर हाथ रखकर पांच सौ बार पढ़ना चाहिए (तन्वीर) शेख़

इस्म को मायूस मरीज़ों को कसरत से पढ़ने को बताते हैं मौला तआला अपनी रहमत से शिफ़ा देता है चाहिए कि बाद शिफ़ा इबादते इलाही से ग़ाफ़िल न हो।

**या अव्वलु-** शेख़ मग़रिब फ़रमाते है कि अगर कोई आदमी लड़के का तालिब हो या ख़ज़ाना हासिल करना चाहता हो या ग़ैबी फ़तूहात का तालिब हो तो चाहिए कि चालीस जुमा जुमे की नमाज़ के बाद मदावमत करे मक़्सद हासिल हो। शेख़ बोनी फ़रमाते हैं कि इस इस्म का ज़ाकिर अपने कुल मक़ासिद में साबिक़ रहेगा और अगर इस्म को या आख़िर के साथ ज़िक्र करे तो मक़ाम कश्फ़ हासिल हो।

*(तन्वीर)*

**या आख़िरु-** शेख बोनी रहिमतुल्लाह ने फ़रमाया है कि जो आदमी इस नाम की किरअत करे उसे कुव्वत व नुसरत बे अन्दाज़ हासिल हो और जो भी दुश्मनी करे हलाक हो मुक़ाबला करे मग़लूब हो जो आदमी इस इस्म के और दुश्मन के नाम के आदाद शामिल करके नक़्श बनाए और हफ़्ते की पहली साअत में लोहे पर कुन्दा करे और इसी तादाद के मुताबिक़ पढ़े और इस नक़्श को आग में दाब दे दुश्मन हलाक हो।

*(तनवीर)*

**या ज़ाहिरु या बातिनु** : ये दोनों असमाए बारी तआला इस्लाह व नूरानियत के लिए ख़ास हैं ये असमा ज़ाहिर व बातिन की इस्लाह फ़रमाकर ज़ाकिर में रूहानियत पैदा हो जाती है कश्फ़े क़ुबूर और इस्तिख़ारे के लिए आमिलीन में मशहूर है शेख मग़रिब रहिमतुल्लाह फ़रमाते हैं कि चाश्त की नमाज़ के बाद पांच सौ बार पढ़े तो हक़ तआला दिल को ज़ाहिर व बातिन में नूरानी कर दे। ख्वाबे ग़फ़लत से बेदारी इनायत फ़रमाए और तारीकी से दिल को पाक साफ़ कर दे।

*(तन्वीर)*

जिसके दोस्तों साथियों या अहले मामला में से जो भी ऐसा हो कि दिल में कुछ ज़बान पर कुछ ऐसे दोस्तों से काफ़ी नुक़्सान पहुंच जाता



है लिहाज़ा इन असमा का ज़िक्र करे तो अल्लाह तआला इसकी बरकत से उसके दोस्तों की भी इस्लाह फ़रमा देता है और इस इस्म के ज़ाकिर के दोस्त अहबाब या ग़ैर सब इसी तरह पेश आएं जो उनके दिल में हो।

**या वालो-** यह इस्म पाक दस्तकार, मेहनती लोगों के लिए ख़ास है कि इस इस्म की बरकत से कम वक़्त में ज़्यादा काम हो जाता है इस इस्म का आमिल अगर ठेकेदार हो या मज़दूर वह कभी ख़ाली न रहे। उसके काम की बड़ी क़दर हो जो मज़दूरी मांगे मिले। मालिक उससे काम कराने पर हर वक़्त तैयार रहें। अगर इस इस्म को बर्तन पर लिखकर पानी से धोकर मकान या दुकान के कोनों और छत पर छिड़के तो चोरी, बिजली, आंधी तूफ़ान बारिश सीलाब ज़लाज़ला व जुमला आफ़ात से बचा रहे।

*(तन्वीर)*

**या मुताआली-** अहले तहक़ीक़ ने फ़रमाया है कि इस इस्म को इन्किसारी से पढ़ना चाहिए और ख़ल्क़ ख़ुदा में ख़ुद को हक़ीर समझे ताकि हक़ तआला मर्तबा बुलन्द फ़रमाए और ग़ैब से हर काम अंजाम फ़रमाए। अगर कोई औरत बाद फ़राग़त हैज़ व निफ़ास इस इस्म की तिलावत करे तो जुमला आफ़ात से महफ़ूज़ रहे। शेख बोनी रहमतुल्लाह फ़रमाते है कि इस इस्म का ज़िक्र करके किसी बादशाह के पास आए तो वह इज़्ज़त से पेश आए जो हाजत हो पूरी करे।

*(तन्वीर)*

**या बर्रु-** हज़रत इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं अगर नाबालिग़ बच्चे को यह इस्म याद करा दे और वह इसे पढ़ता रहे यहां तक कि जवान हो जाए तो तमाम उम्र आफ़ते रोज़गार से बचा रहे। शेख़ मग़रिब फ़रमाते हैं इस इस्म का ज़ाकिर जिस चीज़ का तालिब हो हासिल हो। शेख अबुल अब्बास अहमद बिन अली रज़ियल्लाहु अन्हुमा फ़रमाते हैं इस इस्म का ज़ाकिर नग़माते इलाहियह की नेमत पाए।

*(तन्वीर)*

व ग़िना के लिए इम्तियाज़ी शान रखते हैं या वाजिब हुसूल कश्फ़ के लिए आमिलीन का मामूल रहा है जो आदमी हलाल ज़रिया मआश की तलाश में हो या ताजिर जिसकी तिजारत हसबे मन्शा न चलती हो या ज़्यादा औलाद हो खाने पीने का इन्तिज़ाम कम हो या बिल्कुल न हो उसके लिए हराम ज़रिया करने से बेहतर होगा कि इनमें से कोई एक इस्म मुन्तख़ब करके विर्द करे या ऐसी दुआएं जिनमें असमा भी शामिल हों अमल में लाएं अल्लाह तआला ग़ैब से पाक रिज़्क़ व हलाल रोज़ी अता फ़रमाए और वह बे नियाज़ इस क़दर दे कि खर्च से बच रहे और इन असमा को अपने नाम के आदाद के मुताबिक़ विर्द में रखे।

**या अ-ह-दु या वाहिदु या वहीदु** : इन असमा में किसी इस्म के ज़िक्र से ज़ाकिर का दिल ऐसा मुतमइन और बे ख़ौफ़ हो जाता है कि बड़े से बड़े ख़तरे और लर्ज़ा देने वाले वाक़िए हरांसा क़र देने वाले माहौल में भी फ़िक्र क़रीब नहीं आती यहां तक कि फांसी के तख़्ते पर भी उसके क़ल्बी इत्मीनान व सुकून का वह नूरानी जलवा होता है कि जिसे देखकर नमरूद व शददादे दौरां भी कांप कर अपने आपको उसके क़दमों में डाल देते हैं गोया उस वाहिद यकता की वहदानियत के जलवे इस इस्म के ज़ाकिर को अपनी आग़ोश में ले लेते हैं इसलिए आमिलीन और अहले तहक़ीक़ इस इस्म को शाहों व ज़िम्मेदारों और मुमलिकत के बड़ों, सैनिक अफ़सरों के लिए तोहफ़ाए क़ुदरत बताते हैं। अगर कोई सख़्त मुहिम या बीमारी हो ख़तरनाक रास्तों में जाना हो तो एक हज़ार बार पढ़ने से मुहिम आसान, बीमारी से शिफ़ा हो। (तन्वीर)

**या स-म-दु** - इस इस्म का ज़ाकिर अल्लाह वालों में होता है। इस इस्म का पढ़ने वाला भूखा नहीं रहता या भूख प्यास की सख़्ती से बचा रहता है अक्सर आमिलीन व कामिलीन ने या अ-ह-दु या स-म-दु को इस्मे आज़म बताया है। शेख़ मग़रिब रहिमतुल्लाह फ़रमाते हैं इस्म या स-म-दु एक हज़ार बार पढ़े तो रिज़्क़ में वुसअत



और कारोबार में खैरो बरकत हो (तन्वीर) किताब मिफ़ताहुल जिनां में लिखा है कि अगर जुमे की रात में आधी रात को वुज़ू करके एक हज़ार बार दिल की गहराई के साथ पढ़े तो क़ारी में अज़ीम असरात पैदा हो जाएं। अगर कोई बुराइयों का शिकार हो तो इसके लिए तीन रोज़े रखे और हर दिन मुशतरी की घड़ी में एक हज़ार बार यह इस्म पढ़े और उसके लिए दुआ करे वह आदमी बुराइयों से तौबा कर ले। मुहब्बत के लिए चीनी की प्लेट पर लिखकर पानी से धो कर पहले तालिब पिए फिर वह पानी मतलूब को पिला दे मुहब्बत में बेचैन हो। (तन्वीर)

**या क़ादिरु या क़दीरु या मुक़्तदिरु** : ये असमा हर बड़े से बड़े और अहम से अहम और मुश्किल से मुश्किल मामलों में मदद करते हैं जब अपने और बेगाने दोस्त व सगे संबंधी सब अलग हो जाते हैं और कोई हामी व मददगार बात पूछने वाला भी न हो तो नफ़सा नफ़सी के मौक़े पर इन असमा में से किसी इस्म का भी ज़िक्र उसकी किश्तीए हयात को साहिल पर लगाने के लिए काफ़ी है ख़ास कर नुजूमी जिस वक़्त वहशत भरी ख़बरें देकर इन्सानों को वहशत का शिकार बना दें उनके खुद साख़्ता दावों को झुठलाने और सितारों के असराते बद से महफ़ूज़ रहने के लिए इन असमा में से किसी इस्म का ज़िक्र बेहतर है। (शरह असमाए बारी)

**या मुक़द्दिमु**- इस इस्म की बरकत से हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम ने तूर पर कलाम किया। इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि ब वक़्ते ख़्वाब इस इस्म को पढ़े। दुश्मनों के हमले, चोरी के ख़ौफ़, मकान के गिरने, जहाज़ के डूबने से बचा रहे। (तन्वीर)

**या मुअख़्ख़िरु**- शेख बोनी अलैहिर्रहमा फ़रमाते हैं कि जब इन्सान की उम्र ख़त्म होने को पहुंचे और आमाले ख़ैर कुछ भी न हों गुनाहों की कसरत हो क़ब्र व हश्र का खौफ़ दामन गीर हो तो इस इस्म की मदावमत करे हक़ तआला गुनाहों को माफ़ फ़रमाए और उम्र को दराज़ करे ताकि नेक आमाल कर सके (तन्वीर) इसी लिए आमिलीन इस

**या हामिदु या महमूदु या हमीदु** : इस इस्म पाक की जितनी भी तारीफ़ की जाए कम है इस इस्म का आमिल आलमे महवियत में गुम होकर पढ़े और ख़ालिस हम्द व सना की नीयत रखे तो सिफ़ात महमूदा से मुत्तसिफ़ हो जाता है। इस इस्म के पढ़ने वाले की हाज़िर व गायब तारीफ़ होगी यह अमल तसख़ीर व मुहब्बत और बुरे कामों से बचाने में बड़ा असर रखता है। इनमें से कोई इस्म या तीनों को लिखकर पिलाए जाएं तो सारी बुरी आदते छुट जाएं (तन्वीर) शरीर, बद चलन नाफ़रमान बच्चों के लिए प्याले पर यह इबारत लिखकर रख ले इसी में पानी पिलाए।

*(ज़फ़र जलील)*

**या मोहसि–** इस इस्म का पढ़ने वाला क़ब्र के अज़ाब व हश्र से अमान पाता है अगर जुमा के दिन या जुमे की रात में एक हज़ार बार पढ़े हिसाब उसका आफ़ियत से हो आसान हो (तन्वीर) यह इस्म एकाउन्टेंट व क्लर्कों के लिए आबे हयात है कितना ही काम हो करना आसान हो जाए और हिसाब किताब में अगर गलती हो तो फ़ौरन महसूस हो जाए जो इल्म हिसाब पढ़ता हो या इम्तिहान देता हो या जिसके हिसाब में गलतियां ज़्यादा हों वह इसका विर्द करे। *(तन्वीर)*

**या मुबदी या मुईद–** जिस मुश्किल काम या मकान दुकान की तामीर दुकान कारख़ाना वगैरह गरज़ किसी भी काम की इब्तिदा करते वक़्त इस इस्म को 56 बार पढ़कर आगाज़ किया जाए। बहुस्ने ख़ूबी अंजाम को पहुंचे (तन्वीर) शेख अब्दुल मजीद मगरिबी फ़रमाते हैं अगर तालिब फ़रज़न्द सोहबत से पहले 56 बार मर्द व औरत पढ़ें अल्लाह अपनी कुदरते कामिला से फ़रज़न्द अता फ़रमाए अगर हामला विर्द में रखे, बच्चा सही सालिम पैदा हो और पैदाइश के वक़्त तकलीफ़ न हो।

*(तन्वीर)*

**या मोहयी या हय्यु–** यह इस्म मुबारक मोर्चे पर जाने वाले फ़ौजी सिपाही, समुन्द्र में गोता लगाने वाले, बस टैक्सी रिक्शा ड्राइवरों ख़ास तौर से पहाड़ी इलाक़ों में सफ़र करने वालों या पहाड़ी इलाक़ों में काम



करने वालों पुल सुरंगे बिछाने वालों मतलब यह कि हर वह काम जिसमें मौत का ख़तरा हो यह इस्म पाक 9? बार पढ़ कर घर से निकले। सही सलामत घर वापस आएगा जो लोग दरिया के पास रहते हैं सीलाब या जलज़ ले का ख़तरा रहता हो वे इसका विर्द रखें जान व माल के नुक्सान से बचे रहेंगे।

*(तन्वीर)*

**या मुमीतु–** यह इस्म पीराने तरीक़त और रहनुमायाने शरीअत के लिए ज़रूरी है कि इस इस्म की बरकत से नफ़स अम्मारा मुतीअ व मुसख़्ख़र हो जाता है। इमाम जाफ़र सादिक़ रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि ख़्वाब के वक़्त अपने दोनों हाथ सीने पर रखकर 490 बार या मुमीतु पढ़े इसके बाद सो जाए हक़ तआला उसके नफ़स अम्मारा को मुतीअ व मुसख़्ख़र कर दें (तन्वीर) इसके अलावा हलाकी व बर्बादी दुश्मन के लिए भी यह इस्म ख़ास है। शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह फ़रमाते हैं कि ये पांच इस्म या मुसव्विरु, या मुबदी, या मुईद, या मोहयी, या मुमीत अगर तालिब इल्म इन असमा का विर्द करे तो आलिम हो जाए परवरदिगार आलम फ़हम व इदराक अक़्ल न ज़ेहन लतीफ़ अता फ़रमाए तमाम मुश्किलों में आसानियां पैदा हों। *(तन्वीर)*

**या क़य्यूमु–** इस इस्म की मदावमत की बरकत से उम्र दराज़ होती है मुरादात में कामयाबी, दुश्मनों पर गलबा और दिलों पर तसर्रुफ़ हासिल होता है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है फ़रमाते हैं कि मैंने नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को सख़्ती के वक़्त या हय्यु या क़य्यूमु कहा और फ़ौरन राहत मिल गयी। जो आदमी इज़्ज़त व जाह का तालिब हो और कारोबार की तरक़्क़ी चाहता हो कुदरत व सुरअत व इजाबत क़ज़ाए हाजात व हुसूल मक़ासिद व फ़तह मुक़दमात इस इस्म मुबारक में सब तासीरे मौजूद हैं। शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह फ़रमाते हैं जादू के वक़्त इस इस्म का विर्द करे तो ख़ल्क़ मुसख़्ख़र हो। अक्सर अकाबिरीन ने इस्म या हय्यु या क़य्यूम को इस्मे आज़म क़रार दिया है।

*(तन्वीर)*

**या वाजिदु या गनी या मुगनी** : ये असमाए इलाही दौलत के हुसूल

अब्दुल मजीद मग़रिबी फ़रमाते हैं कि बाजिसु ही है जो परेशानियों को दफ़अ करता है। इस इस्म में सिर्रे अकबर है इसका ज़िक्र उस फ़र्द के लिए बड़ा ही मुनासिब है जिसकी हिम्मत पस्त हो चुकी हो। ज़िन्दगानी और सेहत व हिफ़ज़ कुवाए जिस्मानी व रूहानी की अजीब व ग़रीब तासीर इस इस्म में मौजूद है। (तन्वीर)

**या शहीदु या शाहिदु** – अहले हक़ीक़त ने फ़रमाया है कि इस इस्म के ज़ाकिर को बुरे अफ़आल और दुरूग़ गोई से बचना ज़रूरी है जो आदमी रोज़ाना आदाद इस्म के मुताबिक़ विर्द में रखे उसके अहल व अयाल हर बला और बुराई से महफ़ूज़ रहे अगर किसी की बीवी या बच्चा नाफ़रमान या शरीर हो तो रोज़ाना सुबह को उसकी पेशानी पर हाथ रखकर 21 बार यह इस्म पढ़कर दम करे। मुतीअ व फ़रमां बरदार हो (ज़फ़र जलील) अगर नमाज़ के बाद आदाद इस्म के मुताबिक़ पढ़े तो क़ल्ब ज़ाकिर से हिजाब उठ जाएं। (तन्वीर)

**या हक़्कु** – किसी से लड़ाई झगड़ा हो या किसी क़िस्म के लेन देन का मामला हो या मुक़दमा हो या पंचायत के तौर पर फ़ैसले के लिए कुछ लोग जमा होने वाले हों और खुद का हक़ पर होने का शरई यक़ीन हो साथ ही यह भी गुमान हो कि फ़ैसला मेरे ख़िलाफ़ होगा तो इस इस्म का विर्द करे (तन्वीर) शेख मग़रिब रहिमतुल्लाह ने तहरीर फ़रमाया है कि गुमशिदा चीज़ को पाने के लिए एक कागज़ के कोनों पर गुमशिदा का नाम और बीच में या हक़्कु तहरीर करे वह मिल जाए (तन्वीर) और ज़फ़र जलील में इतना इज़ाफ़ा किया है कि उस कागज़ को अपनी हथेली पर रखे और हाथों को दुआ की तरह उठाए और नज़र आसमान की तरफ़ हो फिर इस इस्म को शफ़ी लाए यानि इसका विर्द आदाद इस्म के मुताबिक़ करे या वही चीज़ मिले या उससे बेहतर। अगर क़ैदी आधी रात को सर नंगा करके एक सौ आठ बार पढ़े तो रिहाई पाए।

**या वकीलु** – इस इस्म के ज़ाकिर को यह यक़ीन करना चाहिए कि हक़ तआला जमीअ मख़लूक़ात की किफ़ालत करने वाला है। इस इस्म



का ज़ाकिर हर तरह के ख़ौफ़ से मामून रहे अगर ख़ौफ़ की जगह तिलावत करे चाहे ख़ौफ़ बहाइम हो या ख़ौफ़ बर्क़ व राअद या ख़ौफ़ ज़लज़ला अल्लाह महफ़ूज़ रखे (तन्वीर) शेख़ बोनी रहिमतुल्लाह फ़रमाते हैं इस इस्म में हुसूल मुरादात की तासीर कुल्ली मौजूद है जो आदमी इस इस्म मुबारक की तिलावत करे अगर मुसाफ़िर है ख़ैरियत के साथ वतन वापस आए क़ैद है तो नजात पाए मक़रूज़ है तो क़र्ज़ अदा हो अगर ब नीयत दफ़अ दुश्मन पढ़े तो मक़दूर हो। (तन्वीर)

**या क़विय्यु**– यह इस्म बड़ा क़ुवियुल असर है इसकी तिलावत का असर फ़ौरन ज़ाहिर होता है इसके आमिल पर एक दो नहीं हज़ारों दुश्मन बल्कि पूरी फ़ौज भी ग़लबा हासिल करके नुक़्सान नहीं पहुंचा सकती। दफ़अ बीमारी के बाद की कमज़ोरी के लिए या वक़्त से पहले बूढ़े या कमज़ोर और चलने फिरने से माज़ूर हो जाने वाले या माज़ूर हो जाने का ख़तरा हो या क़ादिर या क़वी या क़ाइम या दाइम चीनी की प्लेट पर लिखकर पानी से धोकर पीना चाहिए।

(इक़बाल अहमद)

शारिहीन किराम ने मुसतनद तरीक़ा दुश्मन से महफ़ूज़ रहने का बताया है कि आटा ख़मीर करके एक हज़ार गोलियां बनाए और हर गोली पर यह इस्म एक बार पढ़ता जाए और दम करता जाए और परिन्दों को खिलाता जाए और दुश्मन का तसव्वुर रखे उसके शर से महफ़ूज़ रहेंगे। (तन्वीर)

**या मतीनु**– इस इस्म का आमिल अगर अपनी आंख को ना मेहरम से महफ़ूज़ रखे तो उसकी मुहब्बत व हैबत दोस्त दुश्मन पर हर एक के दिल में खून की गर्दिश के साथ दौड़ने लगे। अगर किसी ख़ास ज़ात को मुसख़्ख़र करना हो तो खुश्बूदार फूल या मेवे या दम करके दे दो वह खुश्बू सूंघे या मेवा खाए तो मेहरबान हो (तन्वीर) जो बच्चा चलने से माज़ूर हो इस इस्म का नक़्श बांधे चलने लगेगा। बच्चे की मां के दूध न हो इस इस्म को लिखकर मां को पिलाए दूध बहुत हो।

(ज़फ़र जलील)

**या तव्वाबु** – जिस आदमी पर गुनाहों के सबब मुसीबत व तक्लीफ़ या दौलत की तंगी हो इस इस्म की बरकत से उसके गुनाह माफ़ हों। रहमत व करम की बारिश हो। 409 बार रोज़ाना विर्द में रखे और बाद फ़रागत जो दुआ करे उसकी दुआ कुबूल हो। जो दूध पीता बच्चा बहुत रोता हो उसपर सत्तर बार पढ़कर दम करे हर मर्ज़ व आफ़ात व बलिय्यात से बचा रहे ।

(तन्वीर)

इस इस्म का ज़ाकिर जो इसके मआनी व सिफ़ात में ग़र्क होकर पढ़े औलियाए किराम में शुमार हो गुनाह व फ़्वाहिश से उसका दिल मुतनफ़्फ़िर हो जाए।

(शरह असमा)

**या मुन्तक़िमु**– बराए फ़तह व ज़फ़र ख़ास कर जिन लोगों के कारोबार, कारखानों दुकानों को ब वजह हसद सिफ़ली के ज़रिए बांध दिया जाता है या जो लोग बुरे दोस्तों या नफ़स के फ़रेब में आकर अपनी इज़्ज़त व दौलत को जुवा सट्टा रेस में बर्बाद कर चुके हैं और अपनी खोयी हुई दौलत व इज़्ज़त को हासिल करना चाहते हैं तो सच्चे दिल से तौबा करके या तव्वाबु या मुन्तक़िमु का विर्द करें। इन्शा अल्लाह फिर वही दिन होंगे और वही रातें।

(शरह असमा)

**या रऊफ़ु**– यह इस्म मुबारक तसख़ीर मुहब्बत और दुश्मन के जुल्म से रिहाई के लिए पढ़ना चाहिए। इसके आमिल को हर आदमी मुहब्बत से देखे अगर इसके आमिल के पास एक पैसा न हो और वह बड़े से बड़े कारोबार को करना चाहे तो लोग उसे खुशी खुशी क़र्ज़ दें और तक़ाज़ा न करें क्योंकि इसके आमिल के क़र्ज़ देने वाले को अल्लाह तआला बड़ी बरकत देता है अगर कोई ख़यानत की नीयत से इस अमल को करे तो ज़लील ख़्वार हो वर्ना अजमत वक़ार उसके क़दम चूमे।

(शरह असमा)

**या मोअ़ती या यामुनअमु या नाफ़ेअु या हन्नानु या मन्नानु**– ये असमाए इलाही दौलत व ग़िना के हुसूल के लिए ख़ास हैं तिजारत में नफ़ा के लिए, रिज़्क़ की तरक़्क़ी, हलाल रोज़ी में इम्तियाज़ी शान



रखते हैं। बड़े बड़े वज़ाइफ़ अमलियात और मेहनते शाक़्क़ा के बाद जो चीज़ हासिल नहीं होती वह कुछ ही दिनों में इन असमाए इलाही में से किसी भी इस्म मुबारक की बरकत से हासिल हो जाती है अगर किसी को रुपया पैसा देते वक़्त या मोअ़ती का विर्द दिल में करे तो अल्लाह तआला इस इस्म की बरकत से उससे ज़्यादा अता करे। अगर ख़रीद फ़रोख़्त के वक़्त दिल में या नाफ़ेअ का विर्द करे तो इस तिजारत में नफ़ा व बरकत हो। अगर दस्तकार अपना कारख़ाना या दुकान खोलते वक़्त या मुन्अिमु का विर्द करे तो काम ज़्यादा अच्छा हो और जल्द बिकने वाला तैयार हो और दुकान पर बिक्री ज़्यादा हो। या हन्नानु फ़ज्र की नमाज़ के बाद, या मन्नानु इशा की नमाज़ के बाद आदाद इस्म के मुताबिक़ पढ़ा जाए ख़ैर कसीर और दौलत व बरकत हासिल हो।

(ज़फ़र जलील)

**या मानिअु**– अहले तहक़ीक़ फ़रमाते हैं जो आदमी इसका विर्द करे तो लाज़िम है कि किसी फ़र्द को तकलीफ़ न पहुंचाए ताकि हक़ तआला ज़ाकिर से बलाए दुनिया व आख़िरत को दूर फ़रमा दे। अगर किसी की बीवी नाफ़रमान हो तो सोते वक़्त इस इस्म को पढ़े मुवाफ़िक़त पैदा हो जाएगी। शेख़ मग़रिब फ़रमाते हैं कि यह इस्म ख़ौफ़ के लिए बहुत बेहतर है।

(तन्वीर)

**या ज़ार्रु**– इस इस्म का ज़ाकिर हर मर्ज़ व शर से बचा रहता है ख़्वाह इज़्ज़त व माल या आल औलाद का मामला हो। शेख़ मग़रिब फ़रमाते हैं अगर कोई आदमी इज़्ज़त व जाह का तालिब हो तो हर रात और इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु ने जुमे की रात को 100 बार पढ़ने को फ़रमाया है।

(तन्वीर)

**या नूरु**– इस इस्म पाक की बरकत से जिस्म व क़ल्ब मुनव्वर रहता है अल्लाह के नूर की बारिश होती है। इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि 256 बार इस इस्म को रोज़ाना विर्द में रखे तो दिल नूरानी हो और आंखे अल्लाह के नूर से रोशन हो जाएं। इसके क़ारी से हर आदमी इज़्ज़त व एहतराम से पेश आए। शेख़ बोनी

रहिमतुल्लाह इर्शाद फ़रमाते हैं कि जो इसका विर्द करे ईमान के नूर से उसका दिल मुनव्वर हो जाए। *(तन्वीर)*

**या हादी-** इस इस्म पाक को आमिलीन हरकारा कहते हैं यानि हर काम इस इस्म पाक की बरकत से अंजाम पाता है शीर ख़्वार बच्चों का रोना, शरीर व ना फ़रमान बच्चों, कज ख़ल्क़ बद किरदार मर्द औरतों के सुधारने के लिए ख़ास तौर पर इसके अमल किए जाते हैं और नक़्श दिए जोते हैं। सय्यदी मुर्शदी हुज़ूर मुफ़्ती आज़म हिन्द मद्द ज़िल्लहु हर ग़ैर मुस्लिम को चाहे वह किसी भी हाजत को लेकर आया हो दीगर नुक़ूश के साथ आदाद में इस नक़्श को ज़रूर देते थे। *(इक़बाल इहमद)*

**या बदीउ-** अगर इस इस्म को दुआ के वक़्त सत्तर बार पढ़े तो दुआ मुस्तजाब हो। जिस आदमी से उसकी कोई महबूब चीज़ छीन ली गयी हो या कोई किसी अमर मुश्किला में सर गश्ता हो या किसी मामले में परेशान हो या कोई वाली व हाकिम अपने ओहदे से माज़ूल कर दिया गया हो तो गुस्ल करके पाक कपड़े पहने और हलाल रिज़्क़ से सदक़ा दे और बाद तसद्दुक़ दो रकअत नमाज़ अदा करे और 70 बार يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ يَا قَاضِيَ الْحَاجَاتِ और एक हज़ार बार पढ़े يَا بَدِيْعُ इन्शा अल्लाह मक़सद में कामयाबी हासिल हो। *(तन्वीर)*

**या बाक़ी-** इसी इस्म की बरकत थी क्रि हजरत जुनैद बगदादी रहमतुल्लाह अलैहि जबकि पहलवानी किया करते थे किसी ने आपकी पुश्त को ख़त्म नहीं किया और इसी की बरकत से मन्सब विलायत से सरफ़राज़ फ़रमाए गए। शेख़ बोनी रहमतुल्लाह फ़रमाते हैं कि इस इस्म का ज़ाकिर कभी बीमार नहीं होता अगर बादशाह ज़िक्र करे तो मुल्क पर ज़वाल न आए। शेख़ मग़रिब फ़रमाते हैं कि अगर हर रात 100 बार और जुमे कि रात एक हजार बार पढ़े तो दुआ क़ुबूल हो।



**या वारिसु-** इस इस्म पाक की बरकत से इसका ज़ाकिर क़ौम में सरदार व मुअज़्ज़म हो, साहिबे औलाद हो, अमवाल में बरकत हो, रोज़ी कुशादा हो। शेख़ बोनी रहमतुल्लाहि अलैहि फ़रमाते हैं कि रिज़्क़ की तरक़्क़ी के लिए इसकी तिलावत मुफ़ीद है और कोई आदमी इस इस्म के दरियाए वुसअत मआनी में डूब कर यानि साहिबे कमाल पढ़े तो क़बीले की सरदारी हासिल हो औलाद में कसरत, माल में बरकत हो। *(तन्वीर)*

**या रशीदु-** इस इस्म का आमिल किसी क़ौम का लीडर या रहनुमा हो तो वह क़ौम सरफ़राज़ हो उसके मश्विरे और उसके हुक्म की तालीम से वह क़ौम या क़बीला तरक़्क़ी की मनाज़िल पर गामज़न हो। उल्लूव व मर्तबते अज़मत शोहरत का चर्चा हो। हज़रत इमाम अली रज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि जो इसका विर्द करे उसके सारे काम बड़ी आसानी से अंजाम पाए और शेख़ अहमद फ़रमाते हैं कि सुबह की नमाज़ के बाद व मग़रिब की नमाज़ के बाद खड़े होकर एक हज़ार बार पढ़े तो मुहिम्मात में बिना कोशिश कामयाबी नसीब हो। अगर इस्तिख़ारे की नीयत से पढ़े तो हर काम का अंजाम और नफ़ा व नुक़सान का हाल ख्वाब की हलात में या जागने की हालत में मालूम हो। *(तन्वीर)*

**या सबूरु-** इस पाक इस्म के ज़िक्र से सख़्तियों पर सब्र हासिल होता है और इस इस्म का ज़ाकिर कोई सख़्त काम करने से नहीं आजिज़ होता। अगर किसी अज़ीम सदमे औलाद या किसी अज़ीज़ व महबूब के इन्तिक़ाल की वजह से खलल दिमाग़ हाफ़िज़े की ख़राबी वग़ैरा उमूर लाहक़ हो जाएं तो इस इस्म के नक़्श को धोकर पिलाएं (तन्वीर) अगर किसी रंज व ग़म और दर्द मुशक़्क़त के मौक़े पर ख़ौफ़ दहशत के वक़्त या दुश्मना न व हासिदान की ज़बानी अपनी बदगोई से बन्द करना हो तो एक हज़ार तीस बार पढ़े। *(ज़फ़र जलील)*

# इस्मे आज़म से मुताल्लिक़ ज़रूरी नोट

कुछ असमाए बारी तआला जल्ले शानहु के मुख़्तसर ख़्वास जो कुतुब से हासिल कर सके आम लोगों के फ़ायदे के लिए नक़ल कर दिए गए हैं। जो असमाए बारी तआला लिखने से रह गए या जो लिखे तो गए मगर उनके ख़्वास इन सफ़हात में दर्ज न हो सके उनके लिए सिर्फ़ इतना काफ़ी है कि आपके नाम के आदाद के मुताबिक़ एक या दो असमाए इलाही जो आपका इस्मे आज़म है अगर आपके इस्म आज़म में कोई ऐसा इस्म आए जिसके औसाफ़ इस किताब में दर्ज न हों तो मायूस न हों बल्कि जिन असमाए ज़ात व सिफ़ात की शरह दर्ज है उनको ग़ौर से पढ़कर यक़ीन कामिल रखें कि जो मेरे नाम के आदाद के मुताबिक़ मेरा जो इस्मे आज़म है उसमें तमाम वे औसाफ़ मौजूद हैं जो दीगर असमा के तहत बयान हुए।

जिस तरह कि इस्म या सुबहान कि इसकी शरह दर्ज नहीं मगर मेरा इस्मे आज़म सुबहानल्लाह है यह इसी इस्मे आज़म की बरकत है कि शमा शबिस्ताने रज़ा का दूसरा हिस्सा जो आपके सामने है सिर्फ़ 17 दिन की मेहनत का नतीजा है। मैं मसविदा तैयार करता जा रहा हूं और कातिब साहब किताबत कर रहे हैं इसी इस्म पर भरोसा करते हुए कातिब साहब से वायदा कर लिया है कि आपका हाथ न रुकने दूंगा। سبحان اللہ والحمد للہ وصلی اللہ تعالیٰ علیہ وآلہ وصحبہ وبارک وسلم

असमाए बारी तआला के जुदा जुदा ख़्वास लिखने की ज़रूरत इसलिए महसूस हुई कि किसी फ़र्द को इस्मे आज़म की तलाश न हो या उसके नाम के आदाद इतने ज़्यादा हों कि उससे दोचन्द रोज़ाना विर्द में रखने का उसके पास वक़्त न हो तो वह किसी अहम ज़रूरत पर अपने हसबे हाल किसी इस्म का इन्तख़ाब करके उससे फ़ायदा उठा सके।



# ज़कात की क़िस्में

यह एक ऐसा राज़ पोशीदा है जिससे हज़ारों आमिलीन वाकिफ़ नहीं। सिर्फ़ कामिलीन के इर्शाद के मुताबिक़ अमल करते रहे और इसी की तामील दूसरों को देते रहे ज़्यादा से ज़्यादा किसी साइल के जवाब में यह फ़रमा देते कि किसी आयत या इस्म की ज़कात सवा लाख है जो 41 दिन में पूरी होती है इसके सिवा यह इल्म नहीं कि सवा लाख की तादाद हर आयत या हर इस्म की है और वह ज़कात की क़िस्मों में से किस क़िस्म की ज़कात है आया सवा लाख की ज़कात अदा करने के बाद इस अमल से उम्र भर काम ले सकते हैं या वक़्ती तौर पर अगर उम्र भर के लिए आमिल हो जाएगा तो हर दिन किसी ख़ास तादाद में पढ़ने की ज़रूरत है या नहीं।

**पहली क़िस्म**– आमिल अपने नाम के आदाद के मुताबिक़ 41 दिन रोज़ाना पढे तो वह अमल एक बार काम देगा हमेशा नहीं।

**दूसरी क़िस्म**– जो अमल पढ़ना हो उसके हरुफ़ की तादाद जितनी हो उतने हज़ार बार रोज़ाना 41 दिन तक पढ़े तो हमेशा के लिए आमिल हो जाएगा। आमिल उसका सेफ़ ज़बान हो जाता है फिर ज़रूरत के वक़्त सिर्फ़ एक बार पढ़ना काफ़ी होता है।

**तीसरी क़िस्म**– अमल के जितने हरुफ़ हों उतने सौ बार रोज़ यह ज़कात भी एक ही बार काम देती है मगर पहली क़िस्म से बेहतर है।

**चौथी क़िस्म**– ज़कात सग़ीर– अमल के क़वाइद क़मरी जितने हों उतनी ही बार रोज़ाना पढ़े। यह ज़कात असली है और मोतबर भी।

**पांचवी क़िस्म**– ज़कात कबीर– अमल के आदाद क़मरी को हरुफ़े अमल

से ज़रब दो और हासिल ज़रब को रोज़ाना पढ़ो। यह जकात सगीर से ज्यादा कवी है हमेशा के लिए आमिल हो जाएगा।

**छटी क़िस्म-** जकात अकबर अमल कबीर के आदाद को फिर हरूफ की तादाद से ज़रब देकर रोज़ पढ़ें। यह बकीर से भी ज्यादा कवी है कि इस इस्म के मुवक्किल सामने आकर आमिल से मुलाकात करेंगे।

**सातवीं क़िस्म-** जकात कबाइर- अमल अकबर की तादाद को फिर हरूफ के आदाद से ज़रब देकर पढ़ें यह अकबर से भी ज्यादा कवी है। इस इस्म के मुवक्किल ख़ादिम होकर हर वक्त साथ रहेंगे।

**आठवीं क़िस्म-** जकात अकबरुल कबाइर- यह आखिरी जकात है यानि अमल अकबर की तादाद को फिर हरुफ के तादाद से ज़रब देकर पढ़े इसे किबरियत अहमद या लाल सफेद कहते हैं इसी तादाद को इस इस्म का निसाब कहते हैं।

**नोट-** इस इकसाम में तादाद अमल कसीर हो जाती है असमाए बारी तआला की तिलावत तो मुमकिन है मगर आयाते कुरआनी की जकात सग़ीर भी अदा करना मुमकिन नहीं। इसके लिए अकाबिरीन ने यह तरीक़ा दर्ज फ़रमाया है जिसकी 5 क़िस्में हैं।

(1) **उश्र-** निसाब की आधी तादाद को कहते हैं

(2) **दूर मदूर-** उश्र के आधे को कहते हैं,

(3) **क़फ़ल-** दूर मदूर के आधे को कहते हैं।

(4) **बज़ल-** क़फ़ल के आधे को कहते हैं

(5) **खत्म-** बज़ल के आधे को कहते हैं।

बिल्कुल मामूली तरीके पर जकात की किस्में और भी हैं मगर उनमें यह ख़तरा रहता है कि अमल कभी फ़ायदा करता है कभी नहीं या सिर्फ़ एक बार ही अमल काम देता है हां यह एक फ़ायदा यकीनी है कि किसी अमल के आदाद इतने ज्यादा हैं कि जकात सगीर ही अदा करना मुश्किल हो तो वहां यह तरीक़ा काम देगा।



**असग़र-** यानि तादाद सगीर का आधा करके पढ़े इसे असगर कहते हैं।

**सग़ाइर-** अगर असगर की तादाद मे पढ़ना दुश्वार हो तो असगर का आधा करके पढ़े। इसे सगाइर कहते हैं।

**असग़रुस्सग़ाइर-** सगाइर के आधे को असगरुस्सगाइर कहते हैं।

ये जकात की अदना किस्म है इससे कमतर नहीं जकात कबीर और जकात अकबर- कबाइर और अकबरुल कबाइर- इन किस्मों के लिए यह ज़रूरी नहीं कि एक नशिस्त में यह तादाद पूरी की जाए या हर दिन इतनी तादाद मे अमल पढ़ा जाए बल्कि 41 से तक्सीम करके हासिल अदद के मुताबिक 41 दिन में इस तादाद को पूरा किया जा सकता है।

सूरह इख़्लास 7 बार दरूदे ग़ौसिया 3 बार पढ़कर सय्यदुल अम्बिया सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और तमाम अम्बिया अलैहिमुस्सलाम व सहाबा किराम अहले बैत इतहार व सय्यदना ग़ौस आज़म और सलातीन अरबअ रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की अर्वाह पाक को सवाब बख़्शे।

11- 41 दिन बाद चिल्ला पूरा होने के हर दिन बाद मग़रिब की नमाज़ के बाद दरूदे ग़ौसिया 3 बार दुआ नम्बर 4 एक बार दुआ नम्बर 6 एक बार दुआ नम्बर 8 एक बार दुआ नम्बर 10 175 बार। दरूदे ग़ौसिया एक बार पढ़ता रहे और हर साल रजब की 4 तारीख़ को फ़ातिहा सलातीन अरबअ एहतमाम के साथ करता रहे। कभी मुफ़लिस और किसी का दस्ते नगर न रहेगा। अल्लाह तआला ब इज़्ज़त फ़राख़ रोज़ी अता फ़रमाएगा। कारोबार तरक़्क़ी करेगा। मुलाज़िम है तो तन्ख़ाह और ओहदे में तरक़्क़ी होगी। यह अमल बूढ़े मुफ़लिस बे सहारा मजबूर हज़रात के लिए पेश क़ीमत ख़ज़ाना है।

## क़ज़ाए हाजात के लिए तीर बहदफ़ नमाज़ें

*(अज़ अहसनुलवआ)*

**तरकीब अव्वल-** ताज़ा वुज़ अच्छी तरह करे दो रकअत नमाज़ नफ़ल पढ़े सलाम के बाद अर्ज़ करे। اَللّٰهُمَّ اِنِّىۡ اَسۡئَلُكَ اَتَوَجَّهُ اِلَيۡكَ بِنَبِيِّنَا مُحَمَّدٍ صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّمَ نَبِيِّ الرَّحۡمَةِ يَارَسُوۡلَ اللّٰهِ اِنِّىۡ اَتَوَجَّهُ بِكَ اِلٰى رَبِّىۡ فَيَقۡضِىۡ حَاجَتِىۡ और अपनी हाजत बयान करे। यह दुआ सही हदीस में तालीम फ़रमायी। قَالَ الرِّضَا एक नाबीना ख़िदमते अक़दस में हुज़ूर सय्यदे आलम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की हाज़िर होकर अपनी ना बीनाई का शाकी हुआ। हुज़ूर ने यह नमाज़ व दुआ इर्शाद फ़रमायी। उन्होंने मस्जिद में जाकर पढ़ी। कुछ देर न गुज़री थी कि दोनों आंखें खुल गयीं मानो कभी अंधे न थे। इस दुआ के अव्वल व आख़िर हम्द इलाही व दरूदे रिसालत पनाही सलवातुल्लाह व सलामा अलैहि और आमीन



पर ख़त्म और शुरु में अल्लाह तआला को असमाए तय्यबा से निदा करे। बेहतर है कि ज़िक्र असमाए हुसना में जो दुआ लिखी है अव्वल आख़िर पढ़े।

**तरकीब दोम** - नमीरी व इब्ने बशकवाल वहीब बिन वर्द से रिवायत करते हैं जो बन्दा बारह रकअत में सूर: फ़ातिहा व आयतल कुर्सी व सूरह इख़्लास पढ़े फिर सज्दे में ये कलिमात कहे-

سُبۡحَانَ الَّذِىۡ لَبِسَ الۡعِزَّ وَقَالَ بِهٖ ۝ سُبۡحَانَ الَّذِىۡ تَعَطَّفَ بِالۡمَجۡدِ وَتَكَرَّمَ بِهٖ
سُبۡحَانَ الَّذِىۡ اَحۡصٰى كُلَّ شَىۡءٍ بِعِلۡمِهٖ ۝ سُبۡحَانَ الَّذِىۡ لَا يَنۡبَغِى التَّسۡبِيۡحُ اِلَّا لَهٗ ۝
سُبۡحَانَ الۡمَنِّ وَالۡفَضۡلِ ۝ سُبۡحَانَ ذِى الۡعِزِّ وَالۡكَرَمِ ۝ سُبۡحَانَ ذِى الطَّوۡلِ وَالنِّعَمِ
اَسۡئَلُكَ بِمَعَاقِدِ الۡعِزِّ مِنۡ عَرۡشِكَ وَ مُنۡتَهَى الرَّحۡمَةِ مِنۡ كِتَابِكَ وَبِاسۡمِكَ
الۡعَظِيۡمِ الۡاَعۡظَمِ وَجَدِّكَ الۡاَعۡلٰى وَكَلِمَاتِكَ التَّامَّاتِ كُلِّهَا الَّا يُجَاوِزُهُنَّ بَرٌّ
وَّلَا فَاجِرٌ اَنۡ تُصَلِّىَ عَلٰى مُحَمَّدٍ صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّمَ ۝

फिर ख़ुदा तआला से वह सवाल करे जिसमें गुनाह नहीं जैसे कहे اَنۡ تَقۡضِىَ حَاجَتِىۡ هٰذِهٖ और इस हाजत का ज़िक्र करे अल्लाह तआला रवा फ़रमाए। वहब कहते हैं हमें पहुंचा है कि यह तरकीब अपने बेवक़ूफ़ों और जाहिलों को न सिखाओ कि गुनाहों पर दिलैरी न करें।

**तरकीब सोम-** अब्दुर्रज़ाक़ ने इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत की कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया जो आदमी ख़ुदा से जो हाजत रखता हो तन्हा मकान में बावुज़ू चार रकअत पढ़े। पहली रकअत में फ़ातिहा के बाद सूरह इख़्लास दस बार दूसरी में 20 बार तीसरी व चौथी में चालीस बार पढ़े फिर पचास बार सूरह इख़्लास और सत्तर बार ला हवला पढ़े। अगर इस पर क़र्ज़ हो अदा हो जाए और जो वतन से दूर हो ख़ुदा तआला उसे घर पहुचाए और जो आसमान के बराबर गुनाह रखता हो और इस्तिग़फ़ार करे ख़ुदा

الصلوٰۃ وَاٰتُوا الزَّکوٰۃَ وَاَقْرِضُوا اللّٰہَ قَرْضًا حَسَنًا ۔ اَلَا اِلَی اللّٰہِ تَصِیْرُ الْاُمُوْرُ ط 21 बार एक सांस में وَمَا تُقَدِّمُوْا لِاَنْفُسِکُمْ مِّنْ خَیْرٍ تَجِدُوْہُ عِنْدَ اللّٰہِ ھُوَ خَیْرًا وَّ اَعْظَمَ اَجْرًا وَاسْتَغْفِرُوا اللّٰہَ ط اِنَّ اللّٰہَ غَفُوْرٌ رَّحِیْم दरूद शरीफ़ 10 बार। फिर सज्दे में जाकर यह दुआ 70 बार पढ़े اَللّٰھُمَّ یَا مُفَتِّحُ فَتِّحْ یَا مُسَبِّبُ سَبِّبْ یَا مُفَرِّجُ فَرِّجْ یَا مُسَھِّلُ سَھِّلْ وَیَا مُیَسِّرُ یَسِّرْ وَیَا مُدَبِّرُ دَبِّرْ وَیَا مُتَمِّمُ تَمِّمْ بِالْخَیْرِ ط

बेहतर होगा कि अव्वल 40 दिन तक पहली तादाद के पढ़ लें। 40 दिन के बाद से कम वाली तादाद से हमेशा विर्द में रखें अगर अब भी कोई बात मालूम करना हो तो जवाबी ख़त से मालूम कर सकते हैं।

*(इक़बाल अहमद नूरी)*

**रोज़ाना खर्च करे मगर जेब ख़ाली न रहे** : यह नक़्श मुश्क व ज़ाफ़रान से भोज पत्तर पर लिखे अगर न मिल सके तो मजबूरी में कागज़ पर लिखे और बीच के खाने में खर्च यौमिया लिखे और मोम जामा करके अपने बाज़ू पर बांध ले इसके बाद अमल मुज़्ज़म्मिल शरीफ़ शुरु करे अगर इसे चांदी के पत्तर पर कुन्दा कराके अपने पास रखे एक तरफ़ यह नक़्श दूसरी तरफ़ तकसीर जिन्ना तो इस नक़्श से बहुत से फ़वाइद हासिल हो सकते हैं फ़रमाइश आने पर तैयार करके भेजा जा सकता है। हदया चांदी पर पन्द्रह रुपए अलावा महसूल डाक।






# चराग़ खुर्द बराए वुसअत रिज़्क़ व हुसूल दौलत व ग़िना

1- माह साबित या हर उरूज माह में मग़रिब की नमाज़ के बाद अकेले में अमल शुरु किया जाएगा और 41 दिन का चिल्ला होगा।

2- चराग़ को ऐसी जगह रखें कि चराग़ और काबा की तरफ़ आपका मुंह रहे और चराग़ किसी मेज़ या स्टूल पर रखें कि सीने के सामने रहे चारों कोनों में रूई की बत्तियां रखें और खुश्बूदार तेल या उमदा घी डालें।

3- चराग़ की बत्ती के एक निशान पर पच्छिम खुदा हुआ है ख्याल रहे कि वह बत्ती पच्छिम ही की तरफ़ रहे।

4- मग़रिब की नमाज़ के बाद ताज़ा वुज़ू करे फिर یَا غَوْثَ الثَّقَلَیْنِ یَا کَرِیْمَ الطَّرَفَیْنِ اَغِثْنِیْ وَاَمْدُدْنِیْ فِیْ قَضَاءِ حَاجَتِیْ یَا قَاضِیَ الْحَاجَات बे गिनती कुछ बार पढ़े फिर दो रकअत नमाज़ नफ़्ल सलातुल इसरार की नीयत से पढ़े जिसकी तरकीब आगे आ रही है।

5- नमाज़ के बाद चराग़ के सामने बैठकर 11 बार दरूदे ग़ौसिया पढ़े- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوْلٰنَا مُحَمَّدٍ مَّعْدَنِ الْجُوْدِ وَالْکَرَمِ وَاٰلِہٖ بَارِکْ وَسَلِّمْ

6- एक बार یَا رَسُوْلَ اللّٰہِ یَا نَبِیَّ اللّٰہِ اَغِثْنِیْ وَاَمْدُدْنِیْ فِیْ قَضَاءِ حَاجَتِیْ یَا قَاضِیَ الْحَاجَاتِ पढ़े

7- 3 बार अपना मक़सद बयान करके अल्लाह की बारगाह में दुआ करके चराग़ रोशन करे फिर 11 बार दरूदे ग़ौसिया।

8- 16 बार یَا سَادَاتَنَا عَبْدَ الْکَرِیْمِ الْغَرْبِیْ وَعَبْدَ الْجَلِیْلِ الْجَنُوْبِیْ وَعَبْدَ الرَّحِیْمِ الْمَشْرِقِیْ وَعَبْدَ الرَّشِیْدِ الشِّمَالِیْ اَغِیْثُوْنِیْ بِحَقِّ غَوْثِنَا وَغَوْثِکُمُ الشَّیْخِ عَبْدَ الْقَادِرِ الْجِیْلَانِیْ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْھُمْ۔ पढ़े।

9- 11 बार یَا شَیْخَ عَبْدَ الْقَادِرِ الْجِیْلَانِیْ شَیْئًا لِلّٰہِ पढ़े।

10- 1543 बार یَا غَنِیُّ یَا کَرِیْمُ یَا اَحَدُ یَا مُنْعِمُ पढ़े फिर दरूदे ग़ौसिया 11 बार। अलहम्दु शरीफ़ एक बार आयतल कुर्सी एक बार

सवार हो और बिना हिसाब व अज़ाब के जन्नत में जा और जिसकी शफ़ाअत करे उसे बख़्शूं। जब उस आदमी को इस तरह ताज व ख़िलअत से नवाज़ा देखकर क़ियामत के दिन लोग देखेंगे कि मुंह चौदहवीं रात के चांद जैसा होगा। यह कर्रो फ़र देखकर हश्र के मैदान में ग़ुल मचा होगा कि यह कोई पैग़म्बर या कोई सिद्दीक़ या बुज़ुर्ग है कि ऐसी शान बुज़ुर्गी से आता है। फ़रिश्ता जन्नत का निगहबान कहेगा कि कोई पैग़म्बर नहीं है बल्कि एक बन्दा ख़ुदा और मुस्तुफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का उम्मती है। दुनिया में अहदनामा अपने साथ रखता था और हर दिन इसका विर्द करता था। इसी का यह सारा फ़ैज़ व नूर और बरकत है तब ख़लक़त कफ़े अफ़सोस मलेगी कि इतनी मुद्दत हम दुनिया में रहे मगर अफ़सोस कि इस अहदनामे से ग़ाफ़िल रहे। वल्लाहु आलम बिस्सवाब।

## बराए वुसअत रिज़्क़, अमल सूरह मुज़्ज़म्मिल शरीफ़ :

अगर आप चाहते हैं कि आपके रिज़्क़ में फ़राख़ी हो पैसे से कभी जेब ख़ाली न रहे। दीनी और दुनियावी जायज़ ज़रूरतें हसबे मन्शा पूरी होती रहें और कभी किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े बल्कि वक़्त आने से पहले ग़ैब से समान हो जाया करे तो सूरह मुज़्ज़म्मिल शरीफ़ हमारे बताए हुए तरीक़े से रोज़ाना बाद नमाज़ फ़ज्र सिर्फ़ एक बार पढ़ लिया करें।

